


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791





वर्ष : 3, अंक : 77 रांची, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026 (फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

### लश्कर ने दी भारत को दहलाने की धमकी सुरक्षा हाई अलर्ट पर

**नई दिल्ली।** आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी चीफ और पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड सैफुल्ला कसूरी का एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। वीडियो में कसूरी भारत के खिलाफ नफरत उगलते हुए गीदड़भभकी देता नजर आ रहा है। उसने कोडवर्ड का इस्तेमाल करते हुए कहा, 2025 में हमने आसमान पर राज किया और अब 2026 में समंदर पर कब्जा करेंगे। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यहाँ आसमान का अर्थ पहाड़ी क्षेत्रों से है, जबकि समंदर पर कब्जे की बात मुंबई जैसे 26/11 हमले को दोहराने की साजिश की ओर इशारा करती है। इस वीडियो की सबसे गंभीर बात यह है कि आतंकी कसूरी ने खुलेआम पाकिस्तानी सेना के साथ मिलकर काम करने की बात कबूली है। वीडियो के बाद तटीय सुरक्षा हाई अलर्ट पर रखा गया है। इससे एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह सच पुख्ता हो गया है कि पाकिस्तान आज भी आतंकियों की नर्सरी बना हुआ है और उसकी सेना प्रत्यक्ष रूप से इन संगठनों को खाद-पानी दे रही है।

### देश में 6जी और एआई आधारित दूरसंचार को बढ़ावा देने के लिए समझौता

**नई दिल्ली।** देश में 6जी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित दूरसंचार प्रणाली, रेडियो और एंटीना तकनीक, माइमो तकनीक, सैटेलाइट और गैर-स्थलीय नेटवर्क (एनटीएन) जैसे क्षेत्रों में भारत विशिष्ट मानक तैयार करने के लिए दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (टीईसी) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के साथ समझौता किया है। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने बताया कि नई दूरसंचार तकनीकों पर संयुक्त अध्ययन, शोध और मानकीकरण गतिविधियों में सहयोग करने के लिए सोमवार को ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर के दौरान टीईसी के डीडीजी (एफए) कमल कुमार अग्रवाल और आईआईटी-खड़गपुर के प्रो. देबदीप मुखोपाध्याय ने हस्ताक्षर किए।

### गांधी परिवार ने हमेशा देशहित से समझौता किया : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने हमेशा देशहित से समझौता किया और इसकी शुरूआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से हुई थी। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में गोयल ने कहा कि गांधी परिवार समझौतावादी राजनीतिक परिवार रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान दोनों इस बात के उदाहरण हैं कि किस प्रकार यह परिवार राष्ट्रहित से समझौता करता रहा है।

## इजराइली संसद नेसेट में गूंजा भारत का संदेश, पीएम बोले -

# आतंकवाद किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं इजराइल के साथ मजबूती से खड़ा है भारत

**पीएम मोदी ने इजराइली संसद को संबोधित करते हुए इजराइल पर हमास के हमले की निंदा की**

एजेंसी



**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइली संसद को संबोधित करते हुए इजराइल पर हमास के हमले की निंदा की। मोदी ने कहा कि हम आपके दर्द को समझते हैं, भारत लंबे वक्त से आतंकवाद से पीड़ित है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत इस समय और भविष्य में भी पूरे विश्वास के साथ इजराइल के साथ खड़ा है। मोदी ने कहा कि किसी भी वजह से आम नागरिकों की हत्या को सही नहीं ठहराया जा सकता और आतंकवाद को किसी भी हाल में जायज नहीं ठहराया जा सकता।

मोदी नेसेट को संबोधित करने पहले भारतीय प्रधानमंत्री है। संसद पहुंचने पर सांसदों ने मोदी का खड़े होकर स्वागत किया और मोदी मोदी के नारे लगाए। मोदी से पहले इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है। उन्होंने मोदी को दुनिया का सम्मानित नेता बताया। इससे पहले नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन के साथ पीएम का स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर ही मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। इसके बाद वे होटल पहुंचे जहां, प्रवासी भारतीयों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने परफोर्मेंस भी दी। मोदी का यह 9 साल बाद दूसरा इजराइल दौरा है। इससे पहले मोदी जुलाई 2017 में तेल अवीव गए थे।

प्रधानमंत्री मोदी का दो दिन की यात्रा के दौरान नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा वे भारतीय समुदाय के लोगों से भी बात करने वाले है। उनका इजरायल के राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है। पीएम मोदी ने सुबह इजराइल रवाना होने से पहले कहा था कि उनकी इजरायल यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत करेगी तथा साझा विजन से दोनों देशों का भविष्य खुशहाल होगा।

उन्होंने कहा कि भारत और इजरायल के बीच मजबूत और कई तरह की रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें हाल के सालों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ अपनी बातचीत का इंतजार कर रहा हूं, जिसका मकसद विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा, व्यापार तथा निवेश के साथ ही लोगों के बीच संबंधों सहित अलग-अलग क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करना है। हम आपसी फायदे क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा करने वाले है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी के इजराइल के दो दिवसीय दौरे को इजरायली मीडिया ने द्विपक्षीय संबंधों में एक ऐतिहासिक क्षण और रणनीतिक संबंधों को पुनर्व्यवस्थित करने वाला बताया है।

## झारखंड विधानसभा का बजट सत्र

# सदन में उठा धनबाद में एयरपोर्ट बनाने का मुद्दा



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन बुधवार को निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने विधानसभा में धनबाद में एयरपोर्ट बनाने का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि धनबाद के लोग बार-बार धनबाद में एयरपोर्ट बनाने की मांग करते हैं। अरूप चटर्जी के सवाल पर विधायक मथुरा महतो ने भी साथ दिया और एयरपोर्ट की मांग रखी। विधायक ने सदन में कहा कि धनबाद में एयरपोर्ट बनाने से सवाल का जवाब सरकार की ओर से आ चुका है, जिसमें कहा गया है कि जमीन की कमी और नजदीक में 50 किलोमीटर की दूरी पर बोकारो एयरपोर्ट का काम प्रगति पर है, इससे धनबाद में पर्याप्त जमीन के अभाव में एयरपोर्ट नहीं बनाया जा सकता है। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री दीपक बरुआ ने कहा कि धनबाद में बरवाअड्डा हवाई पट्टी है, जो 37 ए में है। कैटेगरी 1 के लिए 113 एकड़ जमीन की आवश्यकता होती है। जहां एयरपोर्ट है, वहां सघन आबादी का इलाका है। इसलिए इसका विस्तार वहां संभव नहीं है। मंत्री ने बताया कि बोकारो में एयरपोर्ट निर्माण प्रक्रिया जारी है।

सदन में अरूप चटर्जी ने कहा कि धनबाद में जमीन की कमी नहीं है और सरकार की अगर मंशा एयरपोर्ट बनाने की है तो जमीन उपलब्ध हो जाएगा। एफसीआई के पास 4000 एकड़ जमीन है, तोपचांची में 800 एकड़ जमीन है। विधायक ने कहा कि एयरपोर्ट का यदि वहां निर्माण होगा तो इससे जैन और बौद्ध धर्म के लोगों का भी आना-जाना लगा रहेगा और इलाके में व्यापार की भी बढ़ोतरी होगी।

# राष्ट्रपति का आज झारखंड दौरा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) आगमन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किये हैं। पूरे मार्ग और कार्यक्रम स्थल को पांच जोन और 14 सेक्टर में विभाजित किया गया है। राष्ट्रपति 26 फरवरी को महाराष्ट्र के नागपुर से भारतीय वायु सेना के विमान से रांची पहुंचेंगी और वहां से एमआई-17 हेलीकॉप्टर से 45 मिनट में जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट जायेंगी। शहर के कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वे रांची लौटकर जैसलमेर के लिए रवाना होंगी।

कदमा मरीन ड्राइव स्थित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धर्मार्थ केंद्र ट्रस्ट के भूमि पूजन और बारीडीह के मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुख्य अतिथि होंगी। राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी उपस्थित रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था में 4 हजार पुलिसकर्मी और 125 दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। इधर, राष्ट्रपति के कारकेड की सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक ऋषभ गर्ग को सौंपी गई है। खुफिया विभाग के अधिकारियों की टीम भी उनके साथ रहेगी। कारकेड में लगभग 26 वाहन शामिल होंगे। एडीजी मनोज कौशिक ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। पर्याप्त संख्या में जवानों की तैनाती की गयी है।

कार्यक्रम मिनट टू मिनट : रांची से सोनारी एयरपोर्ट पर आगमनः 12.00 बजे सोनारी एयरपोर्ट से प्रस्थान : 12.10 बजे, कदमा कार्यक्रम स्थल पर आगमन 12.20 बजे कदमा कार्यक्रम स्थल से रवानीः 2.30 बजे, टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज परिसर में आगमनः 2.50 बजे टाटा मणिपाल मेडिकल कालेज से प्रस्थानः 3.20 बजे, सोनारी एयरपोर्ट पर आगमनः 3.40 बजे सोनारी एयरपोर्ट से रांची के लिए प्रस्थानः 3.50 बजे।

# डीएमएफ फंड में गड़बड़ी पर होगी सख्त कार्रवाई : वित्त मंत्री

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सरकार की ओर से विस्तृत जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता और विपक्ष दोनों का लक्ष्य राज्य का विकास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता है। वित्त मंत्री ने बताया कि वर्ष 2026-27 के बजट में सामाजिक क्षेत्र के लिए 67 हजार 459 करोड़ रुपये, आर्थिक क्षेत्र के लिए 59 हजार 44 करोड़ रुपये और सामान्य क्षेत्र के लिए 3 हजार 255 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों की मदद और बच्चों की पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यदि उपयोगिता प्रमाण पत्र पर कोई सवाल है तो केंद्र अपनी टीम भेजकर जांच करा ले। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से झारखंड का हिस्सा रोका जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष 50 लाख मीट्रिक टन धान और 10 लाख मीट्रिक टन दलहन का उत्पादन हुआ है। राज्य मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया है और दूध उत्पादन भी बढ़ा है। घोषणाओं के पालन के लिए राज्य विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि 10 हजार करोड़ रुपये के ऑडिट मामले की पूरी जांच होगी और डीएमएफ फंड में गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई होगी।

# धनबाद कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, सनसनी

**हाई अलर्ट मोड में पुलिस-प्रशासन**

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**धनबाद।** धनबाद शहर में बुधवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब धनबाद सिविल कोर्ट परिसर को आरडीएक्स और बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने की सूचना सामने आई। धमकी की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस महकमा अलर्ट मोड में आ गया तथा एहतियातन पूरे न्यायालय परिसर को खाली करा लिया गया। बताया जा रहा है कि न्यायालय के आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए संदेश में कोर्ट परिसर में आरडीएक्स प्लांट करने और साइनाइड से हमला करने की धमकी दी गई थी।

वहीं, सूचना मिलते ही 28 कोर्ट बिल्डिंग और एमपी-एमएलए कोर्ट परिसर को तत्काल खाली कराया गया। बम की खबर फैलते ही अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और वादियों में दहशत का माहौल बन गया। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, बाघमारा एसडीपीओ समेत कई थानों की पुलिस बल मौके पर पहुंची। पूरे कोर्ट परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। डॉग स्क्वॉड, बम निरोधक दस्ता और मेटल डिटेक्टर की मदद से कोर्ट भवन और आसपास के इलाके की सघन तलाशी ली गई।

## डीजीसीए ने चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटर्स पर कसा शिकंजा

# मेंटेनेंस हिस्ट्री और विमान की उम्र सार्वजनिक करना अनिवार्य

**सेफ्टी रिकॉर्ड के आधार पर होगी रैंकिंग**

एजेंसी




**नई दिल्ली।** देश में चार्टर्ड विमानों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटरों के लिए नियम सख्त कर दिए हैं। अब चार्टर्ड प्लेन और एयर एंबुलेंस सेवाएं देने वाली कंपनियों को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर विमान की मेंटेनेंस हिस्ट्री और उसकी उम्र से जुड़ी पूरी जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। नियामक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी दुर्घटना या सुरक्षा चूक के लिए केवल पायलट को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा, बल्कि ऑपरेटर की जवाबदेही भी तय की जाएगी। यह फैसला हाल के दिनों में दो चार्टर्ड विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाओं के बाद लिया गया है। झारखंड में एक चार्टर्ड विमान के क्रैश होने के बाद डीजीसीए ने मंगलवार को सभी नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटरों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में सुरक्षा मानकों की समीक्षा की गई और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों पर चर्चा हुई।

### चंपाई सोरेन के पोते की कुल्लू-मनाली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते और बाबूलाल सोरेन के बड़े पुत्र वीर सोरेन (21) की हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही सोरेन परिवार सहित समर्थकों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वीर सोरेन अपने कुछ मित्रों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से कुल्लू-मनाली गए थे। क्षेत्र में इन दिनों बर्फबारी हो रही है और पर्यटकों की काफी भीड़ है। बताया जाता है कि वीर अपने दोस्तों के साथ बर्फ में खेलने और हिम क्रीड़ा का आनंद लेने गए थे।

# एनसीईआरटी पढ़ाने जा रही न्यायपालिका में भ्रष्टाचार

## सीजेआई हुए नाराज, कहा - बदनाम करने की किसी को इजाजत नहीं

**कक्षा 8 की नई सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में है संबंधित शीर्षक वाला अध्याय**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने नेशनल कॉउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) की कक्षा 8 की नई सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार शीर्षक से जोड़े गए अध्याय पर कड़ी नाराजगी जताई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और कानून अपना काम करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने संकेत दिया कि वे इस पूरे मामले को स्वयं देखेंगे, क्योंकि यह कदम सोचा-समझा प्रतीत होता है।

दरअसल, एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका से जुड़ी चुनौतियों, भ्रष्टाचार के आरोपों और लंबित मामलों की बड़ी संख्या का उल्लेख किया गया है। पुस्तक में दिए गए आंकड़ों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट में लगभग 81 हजार, हाईकोर्टों में 62.40 लाख तथा जिला और अधीनस्थ अदालतों में 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं। अध्याय में यह भी कहा गया है कि न्यायिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जाना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि वे बार की ओर से यह मुद्दा उठा रहे हैं। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने भी आपत्ति जताते हुए कहा कि यदि भ्रष्टाचार पर चर्चा हो रही है तो अन्य संस्थाओं- जैसे नौकरशाही, राजनीति और सार्वजनिक जीवन का उल्लेख क्यों नहीं किया गया।

### पूर्व सीजेआई गवई का पुस्तक में है उल्लेख

पुस्तक में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई का भी उल्लेख है। जुलाई 2025 में दिए गए उनके एक बयान का हवाला देते हुए कहा गया है, कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार या कदाचार की घटनाएं जनता के विश्वास को प्रभावित करती हैं, लेकिन पारदर्शी और निर्णायक कार्रवाई से इस विश्वास को पुनर्स्थापित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इस घटनाक्रम के बाद शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेने का संकेत दिया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि अदालत इस मामले में आगे क्या कदम उठाती है और शिक्षा व्यवस्था में न्यायपालिका से जुड़े विषयों की प्रस्तुति को लेकर क्या दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं।

### पश्चिम बंगाल के कई न्यायालयों को फिर मिली बम की धमकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कई न्यायालयों को बुधवार को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे न्यायिक परिसरों में हड़कंप मच गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब एक दिन पहले भी राज्य के सात न्यायालयों, जिनमें कलकत्ता उच्च न्यायालय भी शामिल था, को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह सबसे पहले पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल जिला एवं सत्र न्यायालय में बम की अफवाह फैली। यह धमकी भरा ई-मेल जिला न्यायाधीश को भेजा गया था। संदेश में दावा किया गया था कि न्यायालय परिसर में बम रखा गया है, जो कुछ समय बाद विस्फोट करेगा।

# ईडी की बड़ी कार्रवाई : अनिल अंबानी का मुंबई स्थित एबोड बंगला कुर्क

**3,716 करोड़ रुपये है बंगला की कीमत**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनका मुंबई के पॉश इलाके में स्थित आलीशान आवास एबोड कुर्क कर लिया है। इस बहुमंजिला संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 3,716 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई है। मामला आरकॉम से जुड़ी कथित बैंक धोखाधड़ी से संबंधित है। जांच एजेंसी का आरोप है कि कंपनी द्वारा लिए गए ऋण में अनियमितताएं और वित्तीय गड़बड़ियां सामने आई हैं, जिनकी जांच लंबे समय से जारी है। ईडी की इस कार्रवाई को कॉरपोरेट जगत में बड़ी हलचल के रूप में देखा जा रहा है। एबोड को मुंबई के सबसे प्रतिष्ठित और महंगे आवासीय परिसरों में गिना जाता है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और एजेंसी अन्य संपत्तियों और लेन-देन की भी पड़ताल कर रही है। इस कार्रवाई के बाद कारोबारी और राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# जेहलीटांड़ पुल मरम्मत में बड़ा खेल, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत जेहली टांड़ गांव में स्थित पुल की मरम्मत को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पुल मरम्मत कार्य में गंभीर अनियमितताएं, इंजीनियर की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण बच्चों व ग्रामीणों की जान खतरे में डाल दी गई है। बिना रेलिंग के पुल, हादसे का इंतजार गांव के बीच स्थित यह पुल प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। बच्चे यहीं बस का इंतजार करते हैं और खेलते भी हैं। लेकिन मरम्मत कार्य के दौरान भी पुल पर रेलिंग का निर्माण नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में कई मवेशी पुल से गिरकर मर चुके हैं। ऐसे में रेलिंग के बिना मरम्मत कार्य अधूरा और खतरनाक है। स्टीमेट नहीं है- ठेकेदार का तर्क, ग्रामीणों का आक्रोश मरम्मत कर रहे ठेकेदार द्वारा यह कहा जा रहा है कि रेलिंग का स्टीमेट (बजट) नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह बयान भ्रामक है और संबंधित विभागीय इंजीनियर की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है। यदि बजट में रेलिंग शामिल नहीं है तो यह गंभीर तकनीकी चूक है, और यदि शामिल है तो उसे न बनाना सीधा भ्रष्टाचार-ऐसा ग्रामीणों का आरोप है। मिलीभगत की आशंका ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि इंजीनियर और ठेकेदार की मिलीभगत से मानकों से समझौता कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। मामले को लेकर गांव में भारी रोष व्याप्त है। उच्चस्तरीय जांच की मांग ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, खलारी को लिखित आवेदन देकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्रतिलिपि निम्न अधिकारियों को भी भेजी गई हैः जिनमें मुख्य अभियंता झारखंड, परियोजना निदेशक रांची एवं उपायुक्त, रांची ग्रामीणों ने नामजद हस्ताक्षर कर उठाई आवाज इस शिकायत पत्र पर निम्न ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। साबिर अंसारी, वीरू सिंह, जावेद अंसारी (विधायक प्रतिनिधि), कमेश प्रसाद, रमेश प्रसाद,चक्रधारी सिंह, रौशन निशा, अनीश अंसारी, मुस्लीम अंसारी, दानिश अंसारी, असलम अली, सुलेमान अंसारी, अख्तर अली, इकबाल अंसारी एवं समस्त ग्रामीण आंदोलन की चेतावनी ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे। अब बड़ा सवाल यह है। क्या जेहली टांड़ पुल मरम्मत में सचमुच बड़ा खेल हो रहा है। क्या बच्चों की सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है।

# राजनीति से जुड़कर समाज का विकास करे कुम्हार समाज : कोचे

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** प्रजापति कुमार महासंघ खूंटी जिला के तत्वावधान में मंगलवार को तोरपा स्थित विवाह मंडप में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कोच मुंडा और महासंघ के खूंटी जिला अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि हमें अपनी परंपरा और संस्कृति को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुमार समाज मिट्टी का कारीगर होता है, लेकिन इस पेशे में आ रही कठिनाइयों के कारण युवा पीढ़ी इससे विमुख होती जा रही है। उन्होंने कुम्हार समाज के लोगों का आह्वान किया कि वे राजनीति से जुड़कर अपनी पहचान बनाएं और समाज को नई दिशा दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजेंद्र महतो ने समाज की योग्यता पर बोल दिया। उन्होंने कहा कि जब हम संगठित और एग्जिट होंगे तभी समाज का विकास हो सकता है। मौके पर सिमडेगा के रमेश महतो, तुपुदाना के संजय महतो, ज्ञानचंद महतो, नंदू महतो, पद्मा देवी, नीतू देवी, सूरज महतो, निर्मल महतो, रूपनारायण महतो, शिव महतो, बंधन महतो, सुदर्शन महतो, दिल मोहन महतो के अलावा 32 गांवों के लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### पूर्व में जांच किए गए मरीजों के बीच निःशुल्क चश्मा का वितरण

**सिल्ली।** हिंडालको सीएसआर विभाग की ओर से पूर्व में जांच किए गए मरीजों के बीच निशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। हिंडालको सीएसआर विभाग भरत सिंह ने बताया की हिंडालको सीएसआर विभाग नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन पिछले 19 जनवरी को बांसारूली पंचायत भवन एवं 20 जनवरी को पिस्का पंचायत भवन में नेत्र रोग विशेषज्ञ शंकर नेत्रालय के सहयोग से निशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मशीन द्वारा जांच, मशीन द्वारा ऑपरेशन, मोतियाबिंद, काला पानी (ग्लूकोमा), परदे की जांच, आंखों की एलर्जी, नाखूना, कम दिखाई देना इत्यादि रोगों की जांच निशुल्क की गई थी।

### रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने अमित

**खूंटी।** तोरपा मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को हुई बैठक में राम नवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता तुलसी भगत ने की। राम नवमी के आयोजन को लेकर पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। रामनवमी महासमिति में अध्यक्ष अमित जायसवाल, उपाध्यक्ष निशांत जायसवाल, राजेश प्रसाद, पवन गुप्ता, राजेश नायक, प्रीतम महतो और सुबोध जायसवाल होंगे। वहीं कोषाध्यक्ष रोशन जायसवाल, सह-कोषाध्यक्ष प्रतीक सोनी, महासचिव दीपक तिग्गा, सचिव रूपेश गुप्ता, उपसचिव नीरज जायसवाल, पवन जायसवाल, प्रणय जायसवाल और विनय जायसवाल को बनाया गया है। साथ ही इनके अलावा प्रदीप भगत, तुलसी भगत, दिवाकर केशरी सहित 27 संरक्षक भी बनाए गए हैं। वहीं अंकित जायसवाल, सावन महतो, विक्की गुप्ता, रोशन जायसवाल, तुलसी साव, रोशन षाडंगी को संगठन मंत्री बनाया गया है।

### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरा झारखंड का अबुआ बजट : इकबाल हुसैन

**खलारी।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के जोनल उपाध्यक्ष और रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए अबुआ बजट 2026-27 को ऐतिहासिक और मील का पत्थर करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट झारखंड की महिलाओं के जीवन में नई ऊर्जा और आत्मनिर्भरता का संचार करेगा।

# बेड़ो में 90 पेसा पंचायत सहायकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**प्रशिक्षण के दौरान पंचायत व्यवस्था, ग्राम सभा की भूमिका और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया गया विशेष जोर**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**बेड़ो।** प्रखंड सभागार में पंचायती राज विभाग द्वारा बेड़ो और लापुंग प्रखंड के 90 पेसा पंचायत सहायकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत व्यवस्था, प्रशासनिक दायित्वों और योजनाओं के प्रभावी संचालन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षक कनकलता सिंह ने ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत की भूमिका, ज्ञान केंद्र, हेल्प डेस्क, संविधान तथा मौलिक अधिकारों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया समझाते हुए पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन पंचायत सहायकों ने प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि बेड़ो प्रखंड में अब तक किसी भी पंचायत सहायक को प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है, जबकि अन्य प्रखंडों में नियमित रूप से राशि दी जा रही है। सहायकों ने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में मुखिया सुशांति भगत, कुआरी उराँव, लक्ष्मी कोया, टीएमपी डीओ देवेंद्र कुमार, टीएमपी ऑपरेटर दुर्गा महतो, पंचायत सहायक हादिम मलिक, तबरेज अंसारी, शाहिद अंसारी, अफताब आलम, दिलीप लोहरा, बसंत लोहरा, रामदयाल प्रजापति, गोविंद उराँव, मो. नसीम, सीमा उराँव, बोलवा उराँव, मनीष कुमार महतो, कृष्णा महतो सहित कई पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

## इटकी दुरुगुरु के युवक की इलाज दौरान मौत गांव के युवक पर लगाया हत्या आरोप




**इटकी।** थाना क्षेत्र के टुरुगुरु टिकरा टोली गांव निवासी 30 वर्षीय अफसर अंसारी नामक युवक का हत्या करने का आरोप उसके छोटे भाई कैसर अंसारी ने गांव के ही तौखिक आलम उर्फ रिंकू पर लगाया है। मामले को लेकर कैसर अंसारी ने बरियातू थाना रांची में अपना फर्द बयान दिया है। रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। बुधवार को शव के साथ दर्जणों ग्रामीण इटकी थाना पहुंचे और आरोपी तौखिक आलम को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। पुलिस के अश्वासन के बाद ग्रामीणों ने मृतक अफसर अंसारी शव को लेकर गांव पहुंचे और स्थानीय कब्रिस्तान में खाक - ए- सुपुर्द कर दिया। कैसर अंसारी ने फर्द बयान में दर्ज कराया है कि 19 फरवरी को तौखिक आलम उर्फ रिंकू बाईक में सवार होकर मेरा घर पहुंचा और मेरे बड़े भाई को अफसर अंसारी को बाईक में बैठा कर नगड़ी ले गया इसके बाद वहां से वापस होकर इटकी रेलवे स्टेशन स्थित मैदान में पहुंचा और अफसर अंसारी को मैदान में छोड़कर भाग निकला। रात के करीब आठ बजे तौखिक आलम ने गांव के ही प्रवेज अंसारी को फोन पर बताया कि अफसर अंसारी मैदान में पड़ा है। प्रवेज अंसारी ने जब मैदान पहुंचा तो अफसर अंसारी औंधे मुह अचेत अवस्था में मैदान में गिरा पड़ा था । प्रवेज अंसारी ने अफसर अंसारी को मारुती वैन से लेकर घर पहुंचा। इसके बाद परिवार वालों ने अफसर को इलाज के लिए नगड़ी के एक निजी अस्पताल पहुंचे। किन्तु उसका स्थिति बिगड़ता चला गया बाद में उसे रिम्स रेफर किया गया। इलाज के दौरान 24 फरवरी को अफसर अंसारी ने दम तोड़ दिया। अफसर के मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीण भड़क उठे और आरोपी तौखिक आलम खोजने लगे। मौका पाकर आरोपी तौखिक आलम घर में ताला लगाकर परिवार के साथ फरार हो गया है। इसके बाद गुस्साये दर्जणों ग्रामीणों ने शव के साथ थाना पहुंचे और आरोपी को तत्काल गिरफतार करने की मांग की। मृतक अफसर के दो छोटे छोटे बच्चे है। पत्नी और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में एन160 एफसी बना चैंपियन



**राहे।** प्रखंड के फुलवार-बेहराबेड़ा गांव के मैदान में बुधवार को एक दिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एन 160 एफसी की टीम ओर युवा एफसी ओरमांझी की टीम के बीच हुआ, जिसमें एन 160 एफसी की टीम ट्राईब्रेकर से एक गोल में विजयी रहा। विजेता टीम को 50 हजार रुपये तथा उप विजेता टीम को 40 हजार की नगद राशि पुरस्कार में आयोजन समिति के द्वारा दिया गया। समाजसेवी ने तीसरे ओर चौथे टीम आश्रिता एंजल क्वीन बुंडू ओर मोनिका एफसी बुंडू को 10-10 हजार रुपए पुरस्कार दिया गया। टूर्नामेंट में धनु नाग और मनोज कुमार ने कमेंट्री किया। मौके पर अतिथि के रूप में प्रमुख लीलमनी देवी, मुखिया गिरिबाला देवी, जिप सदस्य बादल महतो,उप प्रमुख उमेश महतो, रामदुर्लभ मुंडा,रंग बहादुर महतो,मेघनाथ महतो, रीना देवी, सनातन मुंडा, थ्रो बॉल खिलाड़ी गदाधर महतो, लहरू महली, सेवाराम भोक्ता, आदि मौजूद थे।टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कमिटि के रघुनंदन महतो, करम चंद्र अहीर, लालदेव महतो बुद्धराम मुंडा,राजेश लोहरा, घनश्याम मुंडा, लखिन्द्र मुंडा, भुनेश्वर महतो, करम सिंह मुंडा, कर्ण सिंह मुंडा, अमित महतो,सहित कमिटी के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## अवैध हथियार बरामदगी मामले का एक और आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी।** मुरहू थाना क्षेत्र में गत 3 फरवरी को अवैध हथियार बरामदगी मामले में पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। मंगलवार की रात पुलिस ने मुरहू के गनालोया गांव में छापेमारी कर कांड के एक नामदर्ज आरोपित बिनोद कुमार गंझू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उल्लेखनीय है कि गत 3 फरवरी 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर मुरहू थानांतर्गत ग्राम कोड़ाकेल स्थित सियो महतो के चाउमिन दुकान में छापेमारी की गई थी।

## गुलजारबाग में ग्रामीणों की बैठक, सामाजिक एकता पर जोर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी।** गुलजारबाग में ग्रामीणों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चंद्रिका मिश्रा ने की, जबकि संचालन शिवदास राम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, वार्ड सदस्य बेबी देवी एवं सुषमा देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य गुलजारबाग तथा आसपास के गांवों और टोला-मोहल्लों के लोगों को आपस में जोड़कर सामाजिक एकता को मजबूत करना और ग्रामीणों को संगठित करना था। उपस्थित ग्रामीणों ने सामाजिक स्तर पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान आपसी सहयोग और संवाद के माध्यम से करने का संकल्प लिया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी ग्रामीण सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहेंगे तथा गांव में आपसी भाईचारा बनाए रखेंगे। साथ ही प्रत्येक माह नियमित रूप से ग्रामीणों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अगली बैठक 25 मार्च को आयोजित की जाएगी। बैठक में सरस्वती देवी, बेबी देवी, सुषमा देवी, आरती देवी, कैली देवी, धनवंती देवी, रोहिणी देवी, सुखमणि देवी, संगीता देवी, जयंती देवी, विनीता देवी, अनीता देवी, युगेश्वर राम, प्रमोद प्रजापति, अनुरोध प्रजापति, अशोक प्रजापति, मनोज प्रजापति, उमेश राम, राम विलास राम, सुखदेव राम, शंभू सिंह, दिलीप उरांव, शिवदास राम, रामपति देवी, लक्ष्मी देवी, पूनम देवी, ललिता देवी, गायत्री देवी, उमा देवी, रतन देवी, रूकमणि देवी, सोनी देवी सहित लाल धौड़ा एवं जेहलीटांड़ के ग्रामीण उपस्थित थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने टंडवा बीडीओ को सौंपा नामित पत्र, विकास कार्यों की हुई समीक्षा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खलारी।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा वनबीआर कॉलोनी निवासी और चतरा सांसद कालीचरण सिंह के निर्देश पर बनाए गए पंचायती राज विभाग के नामित प्रतिनिधि दिलीप कुमार अंबष्ट ने टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव की उपस्थिति में पंचायती राज पदाधिकारी संजय कुमार रवानी को अपना नामित पत्र सौंपा।
कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज पदाधिकारी ने सांसद प्रतिनिधि का स्वागत किया और उन्हें कार्यालय के सभी कर्मियों से परिचित कराया। इसके बाद टंडवा प्रखंड की सभी 19 पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता पर विस्तृत चर्चा हुई।
बैठक में विशेष रूप से टंडवा प्रखंड में विकास कार्यों की गति तेज करने, लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। सांसद प्रतिनिधि दिलीप अंबष्ट ने कहा कि क्षेत्र की जनता को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए।

## टाटा स्टील फाउंडेशन की पहल : इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के सखी मिशन कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** टाटा स्टील और उसकी सामाजिक पहल इकाई, टाटा स्टील फाउंडेशन ने अपने परिचालन क्षेत्रों 600 से ज्यादा महिलाओं को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के अंतर्गत आयोजित टाटा एआई सखी इमर्शन कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। इस पहल के माध्यम से जमीनी स्तर की महिलाओं को यह समझने और अनुभव करने का अवसर मिला कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किस प्रकार आजीविका, उद्यमिता और दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान में सहायक हो सकता है। वेस्ट बोकारो से 15 महिलाएँ टाटा स्टील फाउंडेशन के विभिन्न हस्तक्षेप क्षेत्रों से चयनित बड़े समूह का हिस्सा थीं। इस इमर्सिव कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित मेंटर्स के मार्गदर्शन में व्यावहारिक एआई अनुप्रयोगों से परिचित कराया गया। इसमें व्यवसाय प्रचार, उत्पाद डिजाइन, डिजिटल मार्केटिंग, दस्तावेजीकरण सहायता, जानकारी तक पहुँच और कौशल विकास जैसे विषयों पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने विभिन्न सामुदायिक पहलों का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें महिला समूह, स्वयं सहायता समूह, कृषि और आजीविका कार्यक्रम शामिल थे। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल समावेशन को मौजूदा सामुदायिक क्षमताओं और आजीविका अवसरों के साथ जोड़कर महिला नेतृत्व वाले विकास को सशक्त बनाना था। रामगढ़ जिले के केदला मध्य पंचायत की प्रीति देवी, जो मशरूम की खेती से जुड़ी हैं, ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कार्यक्रम बहुत ही जानकारीपूर्ण था। मैंने एआई के विभिन्न उपयोगों के बारे में सीखा और समझा कि यह व्यवसाय की वृद्धि, प्रचार और पैकेजिंग में कैसे सहायक हो सकता है। हमें एआई टूल्स के माध्यम से पोस्टर और विज़िटिंग कार्ड बनाना सिखाया गया। मैं इन कौशलों का उपयोग अपने मशरूम उत्पादों के प्रचार के लिए यूट्यूब और फेसबुक विज्ञापनों के माध्यम से करूंगी और स्थानीय बाजार में अपनी बिक्री बढ़ाऊंगी। मांडू प्रखंड की स्कूल शिक्षिका राखी देवी ने डिजिटल जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमने एआई के महत्व के साथ साथ साइबर सुरक्षा के बारे में भी सीखा जैसे आधार या बैंक संबंधी जानकारी ऑनलाइन साझा न करना।

# महिला सशक्तिकरण की मजबूती व झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने वाला है बजट : गुंजन सिंह

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी।** बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया सह अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव गुंजन कुमारी सिंह ने झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण और समतामूलक विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह बजट झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष द्वारा बजट पर लगाए जा रहे आरोप निराधार और राजनीतिक हताशा का परिणाम हैं। गुंजन सिंह ने कहा कि जिस बजट को भाजपा दिशाहीन और रंगहीन बता रही है, उसी में महिला सशक्तिकरण के लिए 34,211 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बच्चों के कल्याण हेतु 10,793 करोड़ रुपये का बाल बजट रखा गया है। ग्रामीण सड़क निर्माण के लिए 1,000 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत 730 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।
उन्होंने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में दशम, जोन्हा और हुण्डरू जलप्रपात सहित राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास की योजनाएं शामिल हैं। साथ ही वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के माध्यम से 1.24 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं, जिससे लगभग 45 हजार रोजगार सृजित होने की संभावना है। गुंजन सिंह ने कहा कि यह बजट बिचौलियों के बजाय सीधे आम जनता को सशक्त करने वाला है। धान खरीद, छात्रवृत्ति, पेंशन और गैस सिलेंडर जैसे मुद्दों पर फैलाई जा रही भ्रांतियों का जवाब भी यही बजट है, जिसमें सामाजिक सुरक्षा और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण को और मजबूत किया गया है।
उन्होंने कहा कि केंद्र से प्राप्त सहायता और राज्य के अपने संसाधनों के संतुलित उपयोग से ही विकास संभव है और यही इस बजट की मूल भावना है। स्थानीय निकायों को पहली बार 1,172 करोड़ 66 लाख रुपये का अनुदान देकर सरकार ने विकेंद्रीकृत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अंत में उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास न तो गांवों के विकास का कोई ठोस विजन है और न ही महिलाओं के सशक्तिकरण की स्पष्ट योजना। इसलिए वह जनहितकारी बजट पर तथ्यहीन आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। यह बजट निश्चित रूप से झारखंड को आत्मनिर्भर और समतामूलक विकास के नए युग में ले जाएगा।

# रामगढ़ विधायक ममता देवी ने विधानसभा में स्कॉलरशिप भुगतान की मांग की

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने बुधवार को विधानसभा के पटल पर शून्य काल प्रश्न के माध्यम से झारखण्ड के छात्र छात्राओं को अब तक छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) नहीं मिलने का गंभीर और जनहित से जुड़ा मुद्दा प्रभावी ढंग से उठाया। विधायक ममता देवी ने सदन को अवगत कराया कि शैक्षणिक सत्र का काफी समय बीत जाने के बावजूद राज्य के हजारों छात्र छात्राओं को उनकी छात्रवृत्ति की राशि अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप विशेष रूप से गरीब, वंचित, आदिवासी, दलित एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा जारी रखने का एक महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि समय पर नहीं मिलने के कारण अनेक विद्यार्थी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कई छात्र छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, कुछ को फीस भरने में परेशानी हो रही है, तो कई विद्यार्थियों के सामने पढ़ाई छोड़ने जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# झारखंड चैंबर और झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के बीच हुआ एमओयू

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के इंडस्ट्रियल और स्किल डेवलपमेंट को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा को इंडस्ट्री की वास्तविक जरूररतों से जोड़ना और क्लासरूम लर्निंग और इंडस्ट्रियल प्रैक्टिस के बीच की खाई को कम करना है। एमओयू के तहत टूल रूम के छात्रों को इंटर्नशिप, इंडस्ट्रियल विज़िट और बेहतर प्लेसमेंट अवसर मिलेंगे, वहीं व्यापारियों और उद्यमियों को इंडस्ट्री-रेडी टेक्नीकल मैनपावर, तकनीकी कंसल्टेंसी, रिसर्च एंड डेवेलपमेंट सपोर्ट और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। दोनों संस्थान मिलकर स्किल-गैप एनालिसिस, इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग मॉड्यूल, सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल प्रैक्टिस और वोकेशनल ट्रेनिंग को भी बढ़ावा देंगे। उप समिति चेयरमैन आलोक कुमार और प्रियंक भगत ने कहा कि यह साझेदारी रोजगार सृजन, उत्पादकता में वृद्धि (प्रोडक्टिविटी एन्हांसमेंट) और राज्य को एक फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स देगी। मौके पर चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के साथ किया गया यह एमओयू राज्यम के उद्योग और स्किल डेवलपमेंट इकोसिस्टम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे तकनीकी शिक्षा और उद्योग की जमीनी जरूरतों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा। इस सहयोग के माध्यम से उद्योगों को इंडस्ट्री-रेडी मैनपावर मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। झारखंड चैम्बर राज्य को एक फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगा। इस अवसर पर झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के प्रिंसिपल सह प्रबंध निदेशक (इंचार्ज) एमके गुप्ता, सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर आशुतोष मिश्रा, एचओडी ट्रेनिंग मंगल टोप्पो, चैंबर के उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल, सदस्य भानु कुमार उपस्थित थे।

# सीआईएल अंतर कंपनी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में एससीसीएल और एनसीएल की जीत

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** सीआईएल अंतर कंपनी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीसीएल के तत्वावधान में मेकॉन स्टेडियम में खेला जा रहा है। बुधवार को टूर्नामेंट में दो मुकाबले खेले गए। पहला मैच सीसीएल और एससीसीएल के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में एससीसीएल की टीम ने मैच अपने नाम किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अनुशासन एवं टीम भावना के साथ खेलते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। खेल के अंतिम क्षणों में ही मैच का फैसला हो पाया। दूसरा मैच एनसीएल और बीसीसीएल के बीच खेला गया। इस मुकाबले में एनसीएल ने जीत दर्ज की।

दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी और सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। मैच के दौरान सीसीएल के कॉरपोरेट कम्युनिकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने पहले मैच के मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को सम्मानित किया। उन्हों ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन विभिन्न कंपनियों के बीच समन्वय, सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को सुदृढ़ करते हैं। खेल प्रबंधक आदिल हुसैन ने टीम भावना के महत्व को रेखांकित किया।

## संक्षिप्त

### बीआईटी मेसरा में राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**रांची।** बीआईटी संस्थान मेसरा के सिविल एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण सड़क प्रौद्योगिकी, परीक्षण एवं अनुरक्षण विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास अभिकरण द्वारा अनुमोदित है तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों की योजना निर्माण, क्रियान्वयन, गुणवत्ता नियंत्रण तथा दीर्घकालिक अनुरक्षण से जुड़े अभियंताओं की तकनीकी क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने जताया शोक

**रांची।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते एवं भाजपा नेता बाबूलाल सोरेन के सुपुत्र वीर सोरेन के असामयिक निधन पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने दुख व्यक्त किया। कहा कि वीर सोरेन का असमय निधन अत्यंत पीड़ादायक एवं हृदयविदारक है। एक युवा जीवन का इस प्रकार अचानक समाप्त हो जाना न केवल परिवार, बल्कि समस्त समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

### झारखंड में मतदाता सूची पर साजिश की आशंका : भट्टाचार्य

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब चुनाव आयोग की प्रक्रिया न्यायिक निगरानी में रहेगी। उनका कहना है कि चुनाव आयोग की कार्यशैली पर पहले भी सवाल उठ चुके हैं और उसकी भरोसेमंद छवि कमजोर हुई है। उन्होंने बताया कि झारखंड में अप्रैल से रक्क्का प्रक्रिया शुरू होगा। उन्हें डर है कि भाषा, पहनावे या खान-पान के आधार पर कुछ लोगों को बाहरी बताकर उनके नाम मतदाता सूची से हटाने की कोशिश हो सकती है।

# दीक्षांत समारोह शैक्षिक यात्रा का समापन नहीं, नई जीवन यात्रा का शुभारंभ : राज्यपाल

## झारखंड राय यूनिवर्सिटी का छठा दीक्षांत समारोह मना, 494 विद्यार्थियों को मिली उपाधि

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** उत्साह, गौरव और नई उम्मीदों के माहौल में झारखंड राय यूनिवर्सिटी का छठा दीक्षांत समारोह भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ। समारोह में कुल 494 विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में डिग्री और उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर लड़कियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई मिसाल पेश की। कुल 114 छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई, जबकि 8 गोल्ड मेडल में से एक प्रतिष्ठित चांसलर मेडल भी नारी शक्ति के नाम रहा। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल सह विश्वविद्यालय के विजिटर संतोष कुमार गंगवार ने सभी स्नातकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा, दीक्षांत समारोह शैक्षणिक यात्रा का समापन नहीं, बल्कि नई जीवन-यात्रा का शुभारंभ है। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाना है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें। उन्होंने कहा कि देश आज नए आत्मविश्वास के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और युवाओं की भूमिका इसमें निर्णायक है।

अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास मंत्र का उल्लेख करते हुए विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को साकार करने में युवाओं को भागीदार बनने का आान किया। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों से युवाओं में नवाचार और रोजगार सृजन की भावना को बल मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल तकनीक और हरित ऊर्जा का दौर है। नई दिल्ली में आयोजित वैश्विक एआई सम्मेलन का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारत तकनीकी नेतृत्व की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में निरंतर सीखने की प्रवृत्ति, रचनात्मक सोच और अनुकूलन क्षमता ही सफलता की कुंजी होगी।

समारोह में उपस्थित राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं शोध उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि झारखंड राय यूनिवर्सिटी विभिन्न शोध और तकनीकी संस्थानों के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। दीक्षांत समारोह के समापन के साथ ही परिसर में उल्लास और गर्व का वातावरण दिखा। उपाधि ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों के चेहरों पर भविष्य के सपनों की चमक साफ नजर आ रही थी। यह आयोजन न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव बना, बल्कि नई पीढ़ी के आत्मविश्वास और संभावनाओं का भी सशक्त प्रदर्शन साबित हुआ।

## सदर अस्पताल में डॉ. विकास गुप्ता को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** जिला के सदर अस्पताल में आयोजित शोकसभा में डॉ विकास गुप्ता को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वह वहां स्वास्थ्य मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक डॉक्टर और साथी के रूप में पहुंचे थे। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जब एक सफेद कोट पहनने वाला दूसरे सफेद कोट को खो देता है, तो उस पीड़ा को शब्दों में बयां करना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगा जैसे परिवार का कोई सदस्य चला गया हो। शोकसभा के दौरान अस्पताल का माहौल गमगीन रहा। डॉक्टरों और कर्मचारियों की आंखें नम थीं। उन्होंने कहा कि डॉ विकास गुप्ता साधारण परिवार से आगे बढ़कर सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल बने। वे सिर्फ एक डॉक्टर नहीं थे, बल्कि मरीजों के लिए उम्मीद और भरोसे का नाम थे। खासकर गरीब मरीजों के लिए वे सहारा बनते थे। डॉ विकास गुप्ता का निधन विमान एम्बुलेंस में हुआ था। स्वास्थ्य मंत्री ने इसे चिकित्सा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर होने के नाते वह इस दर्द को गहराई से महसूस कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से परिवार को हर संभव सहायता दी जाएगी। साथ ही उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। शोकसभा के अंत में मौजूद लोगों ने डॉ विकास गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी सेवाओं को याद किया।

## एसीबी ने बड़गाईं अंचल के वर्तमान और पूर्व सीओ सहित 10 को भेजा नोटिस

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की जमीन पर अवैध कब्जा और फर्जी खरीद-बिक्री के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की है। अधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एसीबी ने बड़गाईं अंचल कार्यालय के वर्तमान और तत्कालीन अंचल अधिकारी (सीओ), अंचल कर्मियों, स्थानीय अमीन, राजस्व कर्मचारियों और कथित जमीन दलालों सहित कुल 10 लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद रिम्स जमीन बिक्री मामले की जांच एसीबी को सौंपी गई थी। इसी क्रम में जांच तेज करते हुए यह कार्रवाई की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वर्ष 1993 के बाद अधिग्रहित जमीन पर अवैध कब्जा और गलत तरीके से रजिस्ट्री किए जाने के प्रमाण मिले हैं। रिकॉर्ड उपलब्ध होने के बावजूद दाखिल-खारिज और निबंधन की प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही और संभावित मिलीभगत की बात भी जांच में उजागर हुई है। एसीबी सूत्रों के अनुसार, अब तक मिले दस्तावेजों और दर्ज बयानों के आधार पर संबंधित लोगों की भूमिका चिन्हित की जा रही है। आरोप है कि संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से रिम्स की अधिग्रहित जमीन का म्यूटेशन और रजिस्ट्री निजी व्यक्तियों के नाम कर दी गई। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड को केंद्र ने दिए 1.04 हजार करोड़ रुपये : राज

**रांची।** भाजपा के विधायक राज सिन्हा ने विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन भोजनावकाश के बाद बजट की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें वित्तीय प्रबंधन की कमी है। उन्होंने कहा कि केंद्र से अनुदान के रूप में झारखंड को अब तक 1.04 हजार करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 में 11,570 करोड़ रुपये ब्याजमुक्त राशि भी दी गई है। इसके बावजूद 15 वें वित्त आयोग की राशि खर्च करने में सरकार विफल रही है। डीएमएफटी फंड में घोटाले का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि दो दशकों से 10 हजार करोड़ रुपये का हिसाब नहीं मिल रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि बजट में बेरोजगारी भत्ते का कोई उल्लेख नहीं है। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा फर्जी आंकड़ों की एक्सपर्ट है और जनता को गुमराह कर रही है। अब तक 15-15 लाख रुपये देने का वादा पूरा नहीं हुआ। जवाब में राज सिन्हा ने कहा कि दो साल में 1.5 लाख पद घटा दिया गया। विस्थापितों को जमीन तो दी गई, लेकिन कागज नहीं दिया गया और जाति प्रमाण पत्र भी नहीं बन रहा। उन्होंने कहा कि धनबाद में 900 करोड़ रुपये की पेयजल योजना अधूरी है, प्रदूषण चरम पर है और 38 सड़कें अब तक नहीं बनीं। सरकार की सात गारंटी में एक भी पूरी नहीं हुई। बजट में विजन की कमी है। राजस्व विभाग में करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ है। इसे लेकर श्वेत पत्र लाया जाना चाहिए।

## सीए अनीश जैन बने आईसीएआई की रांची शाखा के चेयरमैन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** आईसीएआई की रांची शाखा के पदधारियों का वर्ष 2026-27 के लिए चुनाव हुआ। इसमें सीए अनीश जैन को चेयरमैन, सीए विवेक खोवाल को उपाध्यक्ष, सीए दिलीप कुमार को सचिव, सीए हरेन्दर भारती को कोषाध्यक्ष सह अध्यक्ष-सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन, सीए भुवनेश कुमार ठाकुर को सीपीइ कमेटी का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। सीए निशांत मोदी कार्यकारिणी सदस्य बने। यह चुनाव आईसीएआई की रांची शाखा की कार्यकारिणी सदस्यों की मीटिंग और निवर्तमान चेयरमैन सीए अभिषेक केडिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सीए अनीश जैन रांची शाखा के चेयरमैन के रूप में आसीन होने वाले 33वें सदस्य हैं। इससे पूर्व वे रांची शाखा के उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके है। श्री जैन ने 2014 में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स उत्तीर्ण कर रांची में अपना प्रैक्टिसिंग फर्म स्थापित किया है।

## बहाली में मानव दिवस कर्मियों को प्राथमिकता देने की मांग

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) से बुधवार को उनके धुर्वा स्थित ऊर्जा निगम लिमिटेड के कार्यालय में झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी बहाली प्रक्रिया में वर्ष 2016 एवं 2018 की भांति मानव दिवस कर्मियों को नियुक्ति में प्राथमिकता प्रदान करने संबंधी ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि विभाग में वर्षों से कार्यरत मानव दिवस कर्मियों एवं एजेंसी कर्मियों ने विषम परिस्थितियों में भी निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं दी हैं। ऐसे कर्मियों को आगामी नियुक्ति प्रक्रिया में प्राथमिकता देना न केवल न्यायोचित होगा, बल्कि विभागीय अनुभव और दक्षता को भी सुदृढ़ करेगा।

# रांची नगर निगम का एक्शन, अवैध पार्किंग और गंदगी पर सख्ती

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** शहर को जाममुक्त और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से रांची नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण, सड़क किनारे पार्किंग और गंदगी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। निगम की ओर से प्रतिदिन शहर के अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को कचहरी, पुरूलिया रोड और डंगराटोली चौक समेत कई स्थानों पर अवैध रूप से सड़कों पर दुकान लगाने वाले वेंडरों को हटाने और कब्जा खाली करने की चेतावनी दी गई। जिन स्थानों पर पहले अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था, वहां नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि दोबारा अवैध कब्जा न हो सके। शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए नगर निगम ने 10 टीमों का गठन किया है। इन टीमों ने सड़क किनारे अवैध पार्किंग और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाई। अभियान के दौरान पुरूलिया रोड स्थित संत जेवियर कॉलेज के बाहर दोपहिया वाहनों की अवैध पार्किंग पर विशेष कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कॉलेज परिसर के अंदर पार्किंग की समुचित व्यवस्था होने के बावजूद छात्र-छात्राओं के वाहन सड़क पर खड़े थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। इस पर नगर प्रशासक ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कॉलेज प्रबंधन को सख्त हिदायत दी। नगर प्रशासक ने कॉलेज प्राचार्य को स्पष्ट निर्देश दिया कि तुरंत सड़क किनारे नो पार्किंग का नोटिस चिपकाया जाए और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा नियमों की अनदेखी हुई तो कॉलेज पर जुमार्ना लगाया जाएगा। नगर निगम की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि शहर को व्यवस्थित, स्वच्छ और जाममुक्त बनाने के लिए प्रशासन अब सख्त रवैया अपनाने के मूड में है।

## स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए विभाग ने अपनाया सख्त रुख

# लंबित बिल हर हाल में ट्रेजरी भेजने का निर्देश

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** राज्य में स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी सिविल सर्जनों के साथ समीक्षा बैठक की और लंबित बिलों को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित योजनाओं-एसएनए स्पर्श, पीएम-अभिम, 15वां वित्त आयोग मद तथा मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना-की स्थिति पर चर्चा हुई।

अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सभी लंबित बिल 26 फरवरी तक अनिवार्य रूप से ट्रेजरी भेज दिए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि आवश्यक हो तो कैंप लगाकर भी कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जा सके। बैठक में सहियाओं को 24 हजार रुपये की एकमुश्त राशि शीघ्र प्रदान करने का निर्देश भी दिया गया। अधिकारियों से कहा गया कि आवंटित राशि के अनुरूप व्यय सुनिश्चित करें तथा लंबित बिलों और स्वीकृत राशि का मिलान समय पर पूरा करें।

इसके अलावा हेल्थ सब सेंटर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। सभी सिविल सर्जनों को अपने-अपने जिलों में उपायुक्त के साथ समन्वय बैठक कर लंबित मामलों का त्वरित समाधान करने को कहा गया। बैठक में एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, डीआईसी सिद्धार्थ सान्याल, अपर सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज, संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बारिश होने से झारखंड में मौसम हुआ सुहाना, तापमान में कमी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न इलाकों में हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है इससे बढ़ती हुई गर्मी रुक गई है। मौसम विभाग से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल बारिश की कोई संभावना व्यक्ति नहीं की गयी है। यही वजह है कि बुधवार को रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में मौसम साफ रहा और धूप में तल्खी महसूस की गई। विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान राज्य भर में तापमान में 2 डिग्री के गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 32.2 डिग्री और सबसे कम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस गुमला में रिकॉर्ड किया गया। वहीं, बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री, जमशेदपुर में 31.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 30.4 और न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 31.4 और न्यूनतम 14.5 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# गुवा सेल की राजाबुरु खदान में 75 प्रतिशत रोजगार की मांग तेज

**27 को थाली कटोरा लेकर होगा प्रदर्शन**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुवा।** गुवा क्षेत्र में प्रस्तावित राजाबुरु खदान को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का आंदोलन तेज होता जा रहा है। 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर मानकीझमुंडा एवं रैयत संघ के बैनर तले 11 गांवों के मुंडा, मानकी और ग्रामीणों की एक अहम ग्रामसभा बैठक आज शाम 3:00 बजे नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा थाना क्षेत्र के ठाकुरा गांव में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ठाकुरा गांव के मुंडा दामु चाम्पिया ने की। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गुवा सेल एवं शुरू हो रही राजाबुरु खदान में सीएसआर के अंतर्गत आने वाले शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को 75 प्रतिशत रोजगार दिया जाए। साथ ही सीएसआर मद से स्वास्थ्य, शिक्षा, शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सेल प्रबंधन द्वारा ग्रामसभा की अनदेखी कर योजनाओं को पारित किया जा रहा है, जो पेसा कानून 1996 की धारा 4( ) एवं पांचवीं अनुसूची का उल्लंघन है। ग्रामीण मुंडा चरण चाम्पिया ने कहा कि स्थानीय नियोजनालय के माध्यम से बहाली प्रक्रिया लागू की जाए। सारंडा पीढ़ मानकी सुरेश चाम्पिया ने सवाल उठाया कि बिना ग्रामसभा की स्वीकृति के खदान किस नियम के तहत शुरू की जा रही है।समाजसेवी राजेश सांडिल ने खदान को हैंड माइनिंग के माध्यम से संचालित करने की मांग रखी, ताकि अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। ग्रामसभा में निर्णय लिया गया कि आगामी 27 फरवरी को 11 गांवों के मुंडा, मानकी, डाकुआ एवं ग्रामीण थालीझकटोरा लेकर एक विशाल रैली निकालेंगे और गुवा सेल के जनरल ऑफिस के समक्ष प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन को मांग पत्र सौंपेंगे। साथ ही कहा कि कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा भोले भाले ग्रामीणों को बहला फुसलाकर ट्रांसपोर्टिंग व रेक लोडिंग की मांग की जा रही है, यह सरासर गलत है हमारी सिर्फ मांग यह है कि बेरोजगारों को रोजगार दी जाए। बैठक में ठाकुरा गांव मुंडा दामु चाम्पिया, सारंडा पीढ़ मानकी सुरेश चाम्पिया,लिपुंगा गांव के मुंडा चरण चाम्पिया, समाजसेवी राजेश सांडिल, समाजसेवी दारा सिंह चाम्पिया,गुवासाई से लंका पूर्ति,बामिया सुरीन, मनोज पूर्ति, लंकेश चाम्पिया,बागुन चाम्पिया, मंगल सिंह पूर्ति सहित अन्य मौजूद थे।

## गोइलकेरा बाजार क्षेत्र में नहीं की जाएगी भू-अर्जन की कार्रवाई
## विधायक जगत माझी के सवाल पर विभाग ने दिया जवाब

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गोइलकेरा।** गोइलकेरा बाजार क्षेत्र में सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य के लिए भू अर्जन की कार्रवाई नहीं की जाएगी। मनोहरपुर के झामुमो विधायक जगत माझी द्वारा सदन में उठाए गए सवाल पर पथ निर्माण विभाग ने यह जवाब दिया है। दरअसल, गोइलकेरा बाजार के इंदिरा चौक से साप्ताहिक हाट बाजार तक सड़क निर्माण के लिए भू अर्जन विभाग द्वारा रैयतों को जमीन अधिग्रहण का नोटिस दिया गया था। इसे गोइलकेरा से सेरेंगदा के बीच बन रही पथ निर्माण विभाग की सड़क का हिस्सा बताकर भूमि अधिग्रहण करने के लिए रैयतों को विगत वर्ष नौ दिसंबर को नोटिस जारी किया गया था। इस पर रैयतों ने आपत्ति जताई और विधायक जगत माझी से मामले की शिकायत की थी। रैयतों ने बताया था कि गोइलकेरा बाजार से गुजरने वाली सड़क का राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहण किया गया है। ऐसी स्थिति में पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल मनोहरपुर द्वारा सड़क बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाना गैर कानूनी है। नियमों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा ही यह सड़क बनाई जा सकती है। विधायक जगत माझी ने 25 फरवरी को तारांकित प्रश्न के माध्यम से इस मामले को सदन के पटल पर रखा। जिसके बाद पथ निर्माण विभाग ने भू अर्जन की कार्रवाई से इनकार किया है।

### संक्षिप्त

#### मागे पोरब से लौटते समय सड़क हादसा में युवक की मौत

**चाईबासा।** पश्चिम पश्चिम सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के कुलीतोड़ांग में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया. घायल युवक का इलाज अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर में चल रहा है जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर प्रखंड के गुलकेड़ा पंचायत के पोकुवाबेड़ा गांव निवासी मुकेश केराई (32) और सानिका गागराई (30) बाइक से अपने रिश्तेदार के घर मागे पोरब मनाने कुलीतोडांग गांव गए थे. पर्व मनाने के बाद दोनों बुधवार की शाम करीब पांच बजे बाइक से अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान कुलीतोड़ांग गांव के मुख्य सड़क पर उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई, जिससे हादसा हो गया। दुर्घटना में मुकेश केराई को गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. वहीं सानिका गागराई गंभीर रुप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर में भर्ती कराया गया है .प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक नशे की हालत में थे और हेलमेट भी नहीं पहने थे, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इधर, मृतक के शव को अनुमंडल अस्पताल लाया गया।

#### वन विभाग कर रहा ड्रोन से जंगली हाथी की निगरानी

**चतरा।** वन विभाग पत्थलगडा प्रखंड के बेलहर गांव में ड्रोन से जंगली हाथी की निगरानी कर रहा है। बुधवार को वनपाल रूपलाल यादव के नेतृत्व में एक टीम बेलहर और आसपास के सीमांत गांव में ड्रोन से हाथी के लोकेशन की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से दो जंगली हाथी पत्थलगडा और सिमरिया प्रखंड के सीमांत गांव में जमकर उत्पात मचा रहा है। बेलहर, हुड़मुड़, सिलहटी, दूंबी सहित आसपास के गांव में जंगली हाथी रात में खेतों में पहुंचकर किसानों के फसल बर्बाद कर रहा है। साथ ही आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजा देने और हाथियों को यहां से भगाने का अनुरोध किया था। इसके बाद से वन विभाग हरकत में आया और कई क्षेत्रों में ड्रोन से जंगली हाथी की गतिविधियों की जानकारी ली। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि दिन में हाथी घने जंगलों में चला जाता है।

# डीडीसी ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** जिला प्रशासन ने बुधवार को समाहरणालय परिसर से बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंकज कुमार गिरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज सहित जिला शिक्षा एवं बाल संरक्षण विभाग के अन्य अधिकारियों ने हस्ताक्षर कर बाल विवाह जैसी कुरीति के विरुद्ध अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर एवं दंडनीय अपराध है, जिसे जड़ से समाप्त करने के लिए व्यापक जन-जागरुकता, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इस मुहिम से जुड़कर बाल विवाह मुक्त गढ़वा के संकल्प को साकार करना होगा। ह्यबाल विवाह मुक्ति रथह्ण जिले के सभी प्रखंडों, थानों, पंचायत सचिवालयों तथा प्रमुख हाट-बाजारों का भ्रमण करेगा। रथ के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाएगी, शपथ दिलाई जाएगी। हस्ताक्षर अभियान चलाकर समुदाय को जागरूक एवं सहभागी बनाया जाएगा। कार्यक्रम में एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन के दीपक कुमार पाठक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के सभी कर्मी व अन्य गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह अभियान न केवल बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध चेतना जगाएगा, बल्कि गढ़वा को एक जागरूक, शिक्षित और सशक्त समाज की दिशा में अग्रसर करने का सशक्त माध्यम भी बनेगा।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**दुमका।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा-गोड्डा स्टेट हाईवे 133 पर बारिडीह गांव के समीप बुधवार को हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान देवघर जिला के सोनारायठाड़ी थाना क्षेत्र के जरका गांव निवासी इकबाल अली (50) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार इकबाल अली गोड्डा क्षेत्र स्थित अपनी बेटी के घर गए हुए थे। बुधवार को वे बाइक से अपने घर जरका लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वे बारिडीह गांव के समीप पहुंचे। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर जुट गए। इसकी सूचना हंसडीहा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गंभीर रूप से घायल इकबाल अली को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को दी गई। खबर मिलते ही मृतक के पुत्र शाहनवाज अली समेत अन्य परिजन हंसडीहा थाना पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के पुत्र ने बताया कि उनकी बहन का ससुराल गोड्डा क्षेत्र में है और उनके पिता वहीं से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। हादसे में कार और बाइक के परखच्चे उड़ गए।

## कोलाकाता से पहुंची जांच टीम ने किया एयरक्राफ्ट दुर्घटनास्थल का निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चतरा।** मरीज को लेकर रांची से दिल्ली के लिए रवाना हुई रेड बर्ड एविएशन का एयर एंबुलेंस क्रैश होने के तीसरे दिन बुधवार को मलबा को दुर्घटनास्थल से हटाया गया। साथ ही घटना की जांच के लिए 05 सदस्यीय कोलकत्ता की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। टीम ने मलबा सहित जंगल क्षेत्र और पेड़ पौधों का अवलोकन किया। टीम ने एयर एम्बुलेंस के बिखरे मलबे, पाट्र्स पुर्जा की गहनता से जांच की। घटनास्थल में बिखरे पड़े अवशेषों की भी जांच पड़ताल की गई। प्रत्यक्षदर्शियों से भी घटना के बारे में जानकारी ली गयी। एएआईबी टीम जांच करने के बाद रांची लौट गई। वहीं जांच के बाद रेडबर्ड एविएशन विमान कंपनी की टीम भी पहुंची। टीम आसपास के लोगों के सहयोग से कसारी के करम टांड़ जंगल में बिखरे अवशेषों को इकट्ठा की। साथ ही एक जगह पर मलबा व पार्टस को रख दी। टीम दुर्घटना स्थल से सभी समान को उठाकर ट्रैक्टर से थाना ले जाने की तैयारी कर रही है।

# सदर एसडीएम ने मतगणना दिवस को लेकर जारी की निषेधाज्ञा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** निकाय चुनाव में अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पदों के लिए मतगणना शुक्रवार को होनी है। उक्त मतगणना कार्य को निर्विवाद एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के उद्देश्य से गढ़वा कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर और इसके बाहर चारों ओर 200 मीटर परिधि में 27 फरवरी को निषेधाज्ञा लागू रहेगी।

सदर अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस परिसर में गढ़वा जिले के तीनों नगर निकायों के निर्वाचन से संबंधित मतगणना प्रक्रिया के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत संचालन और लोक परिशांति कायम रखने के उद्देश्य से सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक उक्त निषेधाज्ञा लागू की गई है। जारी निषेधाज्ञा के अनुसार उक्त परिधि में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का अनाधिकृत रहना वर्जित रहेगा (प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, सरकारी कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी, चुनाव कर्मियों, गणन अभिकताओं को छोड़कर) उक्त परिधि और अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग वर्जित रहेगा (मतगणना कार्य में उपयोग को छोड़कर)। उक्त अवधि व परिधि में किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, नारेबाजी, सभा, जुलूस, विजय रैली, रंग-अबीर-गुलाल इत्यादि बाजार समिति परिसर व बाहर 200 मीटर दायरे तक वर्जित रहेंगे। उक्त परिधि में किसी भी प्रकार की आतिशबाजी भी प्रतिबंधित रहेगी। बिना वाहन पास वाले वाहनों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा।

## राजाबुरु खदान में तीसरे दिन भी आंदोलन जारी, रोजगार नहीं तो खनन नहीं



**गुवा।** राजाबुरु खदान क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय रोजगार की मांग को लेकर 10 गांवों के मुंडाझमानकी एवं ग्रामीणों का आंदोलन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलन का नेतृत्व सारंडा पीढ़ मानकी लागुड़ा देवगम एवं छोटानागरा पंचायत मुखिया राजू शांडिल कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने की लिखित गारंटी नहीं मिलती, तब तक खदान में खनन कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अब तक किसी भी विभागीय अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर वार्ता करने की पहल नहीं की है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आंदोलन स्थल पर मौजूद सारंडा पीढ़ मानकी लागुड़ा देवगम ने स्पष्ट शब्दों में कहा,रोजगार नहीं तो खनन नहीं। क्या आदिवासियों को उनकी ही जमीन पर मजदूर बनने का भी हक नहीं? हमारी जमीन से खनिज निकलेगा और हमारे बच्चे बेरोजगार रहेंगे, यह अब नहीं चलेगा। ग्रामीणों ने कहा कि यह क्षेत्र पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है और ग्रामसभा की सहमति के बिना किसी भी योजना को लागू करना गलत है। उन्होंने मांग दोहराई कि स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित किया जाए तथा ग्रामसभा के अधिकारों का सम्मान किया जाए। आंदोलन को लेकर खदान क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र वार्ता नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## सेल की किरीबुरू खदान में हादसा, ठेका श्रमिक गंभीर रूप से झुलसा



**गुवा।** सेल की किरीबुरू खदान स्थित सर्विस सेंटर में बुधवार को ट्रांसफार्मर में तेल डालने के दौरान अचानक आग लग जाने से एक ठेका श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गया। घायल श्रमिक की पहचान किरीबुरू के आर.सी. सिंह हाटिंग निवासी बिरसा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिरसा ट्रांसफार्मर में तेल भरने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक तार में स्पार्क हुआ और उसके कपड़ों में आग पकड़ ली। आग इतनी तेजी से फैली कि वह बुरी तरह झुलस गया। हालांकि प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक उसे बिजली का करंट नहीं लगा है, बल्कि स्पार्क से लगी आग के कारण वह घायल हुआ। घटना के तुरंत बाद कार्यस्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सहकर्मियों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और घायल अवस्था में बिरसा को सेल के किरीबुरू जनरल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए आईजीएच राउरकेला रेफर कर दिया गया। घटना के बाद प्रबंधन द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। श्रमिकों के बीच इस हादसे को लेकर चिंता का माहौल है और सुरक्षा मानकों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

## होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**लोहरदगा।** पावर गंज स्थित महिला पतंजलि योग ग्रुप के तत्वावधान में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय आनंद सरस्वती बाल निकेतन में आयोजित इस कार्यक्रम की कमान ग्रुप की कोषाध्यक्ष संजुक्ता देवी ने संभाली। इस उत्सव में महिलाओं ने भक्ति और पारंपरिक गीतों के बीच एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। समारोह के दौरान पूरा परिसर होली के गीतों से गुंजायमान रहा। महिलाओं ने फागुन के गीतों पर नृत्य किया। अबीर-गुलाल उड़ाकर आने वाले त्योहार का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिंदिया देवी, संजुक्ता देवी, सुमन देवी, लीलावती देवी, उषा देवी, शोभा खत्री, देवंती गुप्ता, दीपमाला देवी, रूपा देवी, संतोषी देवी, जयंती देवी, चंदा देवी, बबीता देवी, रिंकी देवी, प्रीति कुमारी, तन्नू कुमारी और पूजा कुमारी समेत अन्य महिलाएं शामिल हुईं।

**बंदगांव के सुबानसाई में नारी एकता महिला महासंघ का वार्षिक अधिवेशन आयोजित**

# नारी एकता महासंघ ने महिलाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : जोबा माझी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**बंदगांव।** बंदगांव प्रखंड के सुबानसाई स्थित शहीद मैदान में बुधवार को प्रदान संस्था के तत्वावधान में नारी एकता महिला महासंघ का वार्षिक अधिवेशन आयोजित हुआ। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी शामिल हुई। सांसद ने महिला संघ की सदस्यों के साथ दीप जलाकर अधिवेशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद ने उपस्थित महिला समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि नारी एकता महिला महासंघ ने समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपके प्रयासों से महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरपूर बनाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा महिला जब जागरूक और शिक्षित होती है तो उसका लाभ पूरे समाज को मिलता है। उन्होंने एकता, एकजुटता और आपसी समन्वय से महासंघ को आगे ले जाने और समाज को नई दिशा देने की अपील की। सांसद ने कहा महिलाएं अगर रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती है तो आगे आए उसे पूरा सहयोग देंगे। अधिवेशन में महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए नए विचारों और रणनीतियों पर चर्चा की गई। सभी ने मिलकर महिलाओं के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने का संकल्प लिया और महिला एकजुटता व सुरक्षा की शपथ ली। अधिवेशन के दौरान महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा, शिक्षा और रोजगार के अवसरों पर जोर, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर ध्यान, महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए उपाय पर चर्चा की गई। अधिवेशन के दौरान विभिन्न महिला समिति की सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सांसद समेत अन्य अतिथियों ने अधिवेशन में लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर महासंघ के कार्यों की जानकारी ली। कार्यक्रम का संचालन किरण गागराई व सुभाषिनी देवी ने किया। मौके पर नकटी के मुखिया मिथुन गागराई, समाजसेवी कालीपद सोरेन, राजेश गागराई, अरूप चटर्जी, प्रदान संस्था के टीम कोआर्डिनेटर हसन अदीब खान, दिलीप कुमार, निशु मिश्रा, त्रिथी दास, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मंजू देवी, मंजूलता राणा, गौरी देवी के अलावा विकास महिला मंडल बाउरीसाई, मोहिनी महिला मंडल सुबनासाई, मां तारिणी महिला मंडल, मां पाउड़ी महिला मंडल, दिशाउली महिला मंडल समेत अन्य की सदस्य उपस्थित रही।

# साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

**चल रहे 90 दिवसीय मध्यस्थता देश के लिए 2.0 अभियान की हुई समीक्षा**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लातेहार।** वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च, 2026 को होगी। इसे लेकर वर्तमान में चल रहे 90 दिवसीय मध्यस्थता देश के लिए 2.0 अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार न्यायालय लातेहार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, डालसा, लातेहार शेष नाथ सिंह ने की। बैठक के दौरान श्री सिंह ने 14 मार्च 2026 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों का जायजा लिया। उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से सुलहनीय आपराधिक मामलों, दीवानी मामलों, बैंक ऋण, बिजली बिल और वैवाहिक विवादों जैसे मामलों को चिन्हित कर अधिक से अधिक नोटिस तामिला कराने पर जोर दिया। श्री सिंह ने कहा कि मध्यस्थता आपसी विवादों को सुलझाने का एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पक्षकारों को मध्यस्थता के लाभों के बारे में जागरूक करें ताकि समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे और न्यायालयों पर मुकदमों का बोझ कम हो सके। बैठक में प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय सैयद सलीम फातमी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीष प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय सुनिल दत्त द्विवेदी, सीजेएम विक्रम आन्नद, एसीजेएम कुमारी जीव, सीनियर सिविल जज तृतीय-सह-न्यायिक दंडाधिकारी मीनाक्षी मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रणव कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-सह-प्रभारी न्यायाधीश उत्कर्ष जैन उपस्थित थे।

# फायरिंग मामले में पांच गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गिरिडीह।** गिरिडीह नगरपालिका आम चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने के बाद सोमवार को वार्ड -16 में गोलीबारी की घटना के मुख्य आरोपित शिवम आजाद सहित पांच आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुधवार को उपायुक्त रामनिवास यादव ,पुलिस अधीक्षक डा विमल कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर कहा कि घटना की संवेदनशीलता एवं नगरपालिका चुनाव के पश्चात हुए हिंसक घटना को देखते हुए मामले के त्वरित खुलासा करने के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी ) के गठन कर चार अलग-अलग छापेमारी टीम का गठन किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये टीम ने अलग- अलग स्थान पर छापेमारी कर शिवम कुमार श्रीवास्तव उर्फ शिवम आजाद (42 ),अमित विश्वकर्मा ( 43 ), आकाश हाडी ( 32),मंजीत पासवान (28 ), और किशोर पासवान ( 26 )को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों के तलाशी के क्रम में एक देशी पिस्टल और दो जिन्दा गोली बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि घटना को लेकर आईजी सुनील भास्कर गिरिडीह दो दिनो से कैप कर जांच की मॉनिटरिंग कर रहे थे। घटना सोमवार शाम में मतदान के बाद हुई थी । इस दौरान गोली चली और दो लोग घायल हो गए दोनों धनबाद में इलाजरत है। घटना से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े थे। मतदान के बाद हुई फायरिंग की घटना के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने तत्काल प्रभाव से शिवम श्रीवास्तव ऊर्फ शिवम आजाद को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया था।

## बोकारो में आयकर विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**बोकारो।** डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड के कथित दुरुपयोग मामले में मंगलवार देर रात से बोकारो में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई जारी है। आयकर विभाग की टीम ने सीआरपीएफ जवानों के साथ चास के प्रभात कॉलोनी और सेक्टर-9 स्थित स्ट्रीट 37 इलाके में एक साथ दबिश दी, जिससे प्रशासनिक और कारोबारी हलकों में हड़कंप मच गया।सूत्रों के अनुसार, टीम चास निवासी और त्रिनेत्र इंटरप्राइजेज के संचालक सोनू मिश्रा के आवास पर पहुंची, जहां घंटों तक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। बताया जा रहा है कि संबंधित फर्म ने जिले के विभिन्न स्कूलों में पेंटिंग सामग्री की आपूर्ति की थी। वहीं सेक्टर-9 स्थित प्रकाश जेरॉक्स और उसके संचालक प्रकाश कुमार के ठिकानों पर भी छानबीन की गई। प्रकाश जेरॉक्स द्वारा स्कूलों और सरकारी संस्थानों में स्टेशनरी व अन्य सामग्रियों की आपूर्ति की जाती रही है, जिसमें अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है। जांच एजेंसी यह खंगालने में जुटी है कि डीएमएफटी फंड के तहत हुए कार्यों और आपूर्ति में सरकारी राशि का दुरुपयोग तो नहीं हुआ।

## संक्षिप्त

### हत्या के दोषी पति ससुर और देवर को उम्र कैद की सजा

**पलामू।** जिला व्यवहार न्यायालय के षष्टम अपर जिला और सत्र न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा की अदालत ने बुधवार को महिला को ससुराल में हत्या कर बिना मायके वाले को बताए शव जला देने के मामले में तीन लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 20-20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा काटनी होगी। इस संबंध में लातेहार के जालिम निवासी संपत्ति कुंवर ने हैदरनगर थाना में अपने बभंडी निवासी दामाद संजय साव, उसके भाई छोटेलाल साव और समधी सोहरी साव के विरुद्ध नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि संजय साव की शादी संपत्ति कुंवर की पुत्री रूबी देवी के साथ 2005 में हुई थी। रूबी देवी के साथ ससुरालवाले दहेज को लेकर बराबर मारपीट करते थे। 20 अप्रैल 2021 को रात्रि में सभी लोगों ने मिलकर रूबी की गला दबाकर हत्या कर दी और मायके वालों को बिना बताए उसके शव को जला दिया था। हत्या से पहले पति ने मारकर हाथ भी तोड़ दिया था। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए सभी दोषियों को सजा सुनाई।

### महिला मंच के शिविर में कई लोगों ने किया रक्तदान

**पूर्वी सिंहभूम।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच की जादूगोड़ा शाखा की ओर से बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक सरोकार से जुड़ा यह आयोजन सेवा और मानवता की भावना को समर्पित रहा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समूह केंद्र सीआरपीएफ, जमशेदपुर की क्षेत्रीय कावा अध्यक्ष रेनू सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समूह केंद्र सीआरपीएफ जमशेदपुर के पुलिस उप-महानिरीक्षक रमेश कुमार ने मंच की पहल की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मौजूदा समय का सबसे जरूरी और पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को बचा सकता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके।

# पलामू में 8.46 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पलामू के मेदिनीनगर शहर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर अंबेडकर पार्क तालाब के पीछे से 8.46 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान विशाल कुमार (23) और राहुल कुमार (25) के रूप में हुई है। दोनों जेलहाता के रहने वाले हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि अंबेडकर पार्क तालाब के पीछे कुछ अज्ञात युवकों के द्वारा मादक पदार्थ हीरोइन की खरीद-बिक्री की जाती है। सूचना के आधार पर टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम जब तालाब के पास पहुंची तो दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हें खदेड़ कर पकड़ा गया और पूछताछ करने पर उनकी पहचान की गई। उनके उनकी तलाशी लेने पर राहुल कुमार के पास से 20 पुडिया में 3.40 ग्राम ब्राउन शुगर और नगद 800 रुपए, विशाल के पास से 17 पुड़िया में 5.6 ग्राम ब्राउन शुगर और 270 रुपए नगर बरामद हुए। नशीले पदार्थ को जप्प कर दोनों आरोपित को बुधवार दोपहर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कार्रवाई टीम में पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्योति लाल रजवार, सहायक अवर निरीक्षक रामजी दास, इंद्रदेव पासवान, जवान नंदलाल पटेल, अनिल कुमार शुक्ला, मंजेश राम, मधु कुमार, इसरार अहमद, अनिल पासवान, राकेश सिंह, रोहित सिंह, अंचन राम और सहायक आरक्षी प्रफुल्ल कुमार सिंह शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो अन्य घायल




**चतरा।** चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ में गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में महिला सहित दो लोग घायल हो गए। यह हादसा एक कोल वाहन की दो बाईक से हुई टक्कर से हुई है। चतरा सदर थाना क्षेत्र के जांगी निवासी सौरव पांडे अपनी मां कंचन देवी के साथ हजारीबाग जा रहे थे। कटकमसांडी रेलवे साइट से कोयला खाली कर हाइवा आम्रपाली लौट रहा था। गांगपुर के पास सौरव के अलावा कोल वाहन ने एक अन्य बाइक सवार को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद थाना प्रभारी शिवा यादव ग्रामीणों ने स्थानी लोगों के सहयोग से सभी को चतरा सदर अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया है। वहीं घटना को लेकर स्थानीय लोग और मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने चतरा हजारीबाग मुख्य पथ को रामटुंडा पुल के पास शव रखकर जाम कर दिया और 25 लाख मुआवजा देने की मांग की। समाचार लिखे तक सडक पर जाम को नहीं हटाया जा सका था।

## ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण में देरी करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीआरएम



**धनबाद।** ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) के निर्माण कार्य में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए आसनसोल के डीआरएम संग्रह मौर्य ने बुधवार को कुमारधुबी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों और एजेंसी के लोगों को जरूरी निर्देश भी दिया। मौके पर डीआरएम ने कहा कि फ्रेट कॉरिडोर भारतीय रेलवे की प्राथमिक परियोजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य मालगाड़ियों की आवाजाही को तेज, सुरक्षित और समयबद्ध बनाना है। ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद अधिकारियों से देरी के कारणों की जानकारी ली और बाधाओं को तत्काल दूर करने को कहा, निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों, निर्माण गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता और श्रमिकों की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। डीआरएम ने कार्य में तेजी लाने के लिए संसाधनों की संख्या बढ़ाने, शिफ्टों में काम कराने और समय-सीमा तय कर प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही, स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्रों में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने का निर्देश भी दिया गया। रेलवे अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर लंबित कार्यों को जल्द पूरा किया जाए, ताकि परियोजना निर्धारित समय में पूरी हो सके। डीआरएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि तय समय-सीमा में प्रगति नहीं दिखने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## रैफ में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चला जागरूकता कार्यक्रम

पूर्वी सिंहभूम। सुंदरनगर स्थित 106 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) के यूनिट अस्पताल परिसर में बुधवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनिट के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अश्वनी कुमार (सीएमओ) और जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय देवरिया ने विस्तार से फाइलेरिया रोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के माध्यम से फैलने वाला परजीवी जनित रोग है, जो लसीका तंत्र को प्रभावित करता है। समय पर उपचार नहीं होने की स्थिति में यह रोग हाथ-पांव या अन्य अंगों में असामान्य सूजन (हाथीपांव) जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न कर सकता है। चिकित्सकों ने जवानों को समझाया कि इस रोग से बचाव के लिए मच्छरों से सुरक्षा बेहद जरूरी है। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग, आसपास जलजमाव नहीं होने देना, नियमित रूप से सफाई रखना और सरकार की ओर से संचालित सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम में भाग लेना बेहद जरूरी है।

## भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस का शुभारम्भ

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से धनबाद से भोपाल तक जाने वाली त्रि- साप्ताहिक ट्रेन भोपाल धनबाद एक्सप्रेस (01631/01632) का बुधवार को शुभारम्भ किया गया। ट्रेन को डालटेनगंज रेलवे स्टेशन पर सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा और सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि पलामू सांसद से क्षेत्र की जनता लगातार उक्त ट्रेन के परिचालन का आग्रह करती रही थी। सांसद ने रेल मंत्रालय और मंडल रेल प्रबंधक से उक्त ट्रेन के परिचालन के लिए मांग की थी जिसकी स्वीकृति प्राप्त होने के बाद इस ट्रेन का परिचालन संभव हो सका। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने कहा कि सांसद ने क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास का काम किया है। आजादी काल से अभी तक के काल खंड में सांसद का नाम उत्कृष्ट सांसद के रूप में इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। निजी सचिव अलख दुबे ने कहा कि सांसद के प्रयास से जल्द ही संसदीय क्षेत्र की जनता को डालटेनगंज होते हुए अयोध्या और लखनऊ तक की सीधी ट्रेन पुरुलिया-आनंद विहार एक्सप्रेस का परिचालन शुरू हुआ है। भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस के परिचालन से उच्च शिक्षा के लिए भोपाल में रहने वाले पलामू और गढ़वा के बच्चे को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। सीधे धनबाद तक जाने वाले लोगों की भी यात्रा सुगम होगी। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश्वरी पांडेय, मेदनीनगर के सांसद प्रतिनिधि अविनाश सिन्हा, ब्राह्मदेव चौधरी, आनंद सिन्हा, सुनील पांडेय, मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, कौशल झा, अभिषेक चौरसिया सहित रेलवे पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## शिक्षित महिला से समाज पर पड़ता है सकारात्मक प्रभाव : सांसद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के बंदगांव प्रखंड अंतर्गत सुबानसाई स्थित शहीद मैदान में बुधवार को प्रदान संस्था की ओर से नारी एकता महिला महासंघ का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि नारी एकता महिला महासंघ ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को संगठित कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनती हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। महासंघ के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सामाजिक भागीदारी बढ़ाने का जो प्रयास हो रहा है, वह प्रेरणादायी है। अधिवेशन के दौरान महिलाओं के समग्र विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार के अवसरों का सृजन और महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की रोकथाम जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

## एसआर रूंगटा ग्रुप और सेरसा चक्रधरपुर क्वार्टर फाइनल में

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में बनवारी लाल नेवटिया द्वारा प्रायोजित 33वीं बी० एल० नेवटिया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत आज खेले गए पहले मैच में एस० आर० रूंगटा ग्रुप ने फ्रेंडस कोल्टस चाईबासा को एक नजदीकी मुकाबले में मात्र एक विकेट से तथा दूसरे मैच में गत वर्ष की चैंपियन टीम सेरसा चक्रधरपुर ने यंग झारखंड क्रिकेट क्लब चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में 101 रनों से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में अपना स्थान पक्का कर लिया।

चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के पहले मैच में टॉस एस आर रुंगटा ग्रुप के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। हलांकि कल शाम हुई बारिश के कारण आज मैच तीन घंटे बिलंब से प्रारंभ हुआ और अंपायरों ने ओवर में कटौती करते हुए बारह-बारह ओवर का मैच कराने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंडस कोल्टस की टीम ने निर्धारित बारह ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 110 रनों का स्कोर खड़ा किया। फ्रेंडस कोल्टस की ओर से गाजी अली ने एक चौका एवं चार छक्के की सहायता से सर्वाधिक 31 रन बनाए और अंत तक आउट नहीं हुआ। अन्य बल्लेबाजों में विकेटकीपर बल्लेबाज तंजील नोमान ने 20, अंकित शर्मा ने 16, मो० आमीर एवं अनित रोशन कुजूर ने 11-11 रनों का योगदान दिया। रुंगटा ग्रुप की ओर से मो० वसीम, करण मिश्रा रौशन कुमार साहु एवं अनीस अंसारी को एक-एक सफलता हाथ लगी।

# कोडरमा : दो सड़क हादसों में एक की मौत, दो घायल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**कोडरमा।** जिले में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो युवक घायल हो गए। तिलैया थाना अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की रात सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, इससे व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान झुमरीतिलैया के ताराटांड़ निवासी मंटू राउत (52) के रूप में की गई है। जानकारी देते हुए मृतक के पुत्र संतोष राउत ने बुधवार को बताया कि वे अपने पिता के साथ रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप एक होटल संचालित करते हैं। रात करीब में वे होटल से घर जाने के लिए निकले। उन्होंने बताया कि उनका घर होटल के ठीक विपरीत दिशा में स्थित है। इसलिए उनके पिता नित्य सड़क (एन एच 20) पार कर जाते थे। गत रात भी वे उक्त मार्ग को पैदल पार कर रहे थे। इसी दौरान कोडरमा की ओर से आ रही एक तेज रफ़्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। आवाज सुनकर हमलोग भागकर घटनास्थल पर पहुंचे। जहां देखा कि उनकी मौत हो चुकी है। घटना की जानकारी मिलते ही तिलैया थाना की पेट्रोलिंग वाहन घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल

वहीं एक अन्य सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए। जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के परसाबाद निवासी कैलाश यादव (25) और महेश यादव (26) मंगलवार की देर रात एक बाइक पर सवार होकर मरकच्चो की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान तेतरोन के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

# पारिवारिक विवाद में छोटे भाई ने टांगी से मारकर की बड़े भाई की हत्या

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कांचा गांव में पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ झगड़ा इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने बड़े भाई पर टांगी (कुल्हाड़ी) से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय शेरू मार्डी के रूप में हुई है। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार शेरू खेती-किसानी का काम करता था, लेकिन वह शराब का आदी था और नशे की हालत में अक्सर घर में विवाद करता था। मंगलवार देर रात भी वह कथित तौर पर शराब पीकर घर पहुंचा और किसी बात को लेकर पिता से उलझ गया। देखते ही देखते विवाद गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया। पिता को बचाने के लिए छोटा भाई मनीष मार्डी बीच-बचाव करने आया, लेकिन झड़प और तेज हो गई। आरोप है कि हाथापाई के दौरान गुस्से में आकर मनीष ने टांगी से शेरू पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल शेरू खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। घटना के बाद परिजनों ने उसे तत्काल जमशेदपुर स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर कर दिया। हालांकि इलाज के दौरान देर रात करीब डेढ़ बजे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता के बयान पर पुलिस ने छोटे बेटे मनीष मार्डी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को खून से सनी टांगी के साथ गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संपादकीय

### महंगाई का बढ़ता दबाव

**देश** की अर्थव्यवस्था की सेहत का अंदाजा केवल शेयर बाजार या जीडीपी के आंकड़ों से नहीं, बल्कि उन बुनियादी क्षेत्रों की गतिविधियों से भी लगाया जाता है जो औद्योगिक ढांचे की नींव माने जाते हैं। जनवरी में आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर घटकर चार प्रतिशत पर आ जाना इस ओर संकेत करता है कि आर्थिक रफ्तार को झटका लगा है। यह गिरावट केवल सांख्यिकीय बदलाव नहीं, बल्कि औद्योगिक उत्पादन और विकास की दिशा में उभरती चुनौती का संकेत है। गौरतलब है कि कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली जैसे क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में लगभग 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों की वृद्धि में कमी का सीधा असर समूची अर्थव्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है। हालिया आंकड़ों से स्पष्ट है कि कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, कोयला और सीमेंट के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई, जबकि उर्वरक, इस्पात और बिजली क्षेत्र में मामूली बढ़त ने स्थिति को कुछ हद तक संभाले रखा। इसके साथ ही थोक और खुदरा महंगाई दर में वर्ष की शुरूआत में दर्ज बढ़ोतरी ने चिंता को और गहरा दिया है। उत्पादन में कमी और मांग में स्थिरता या वृद्धि के बीच पैदा होने वाला अंतर अक्सर कीमतों को ऊपर की ओर धकेलता है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो आने वाले महीनों में महंगाई पर दबाव बढ़ सकता है, जिसका सीधा असर आम उपभोक्ता और उद्योग–दोनों पर पड़ेगा। बुनियादी क्षेत्रों की सुस्ती रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे के विकास और निवेश के माहौल को भी प्रभावित कर सकती है। निर्यात वृद्धि के दावों के बीच यदि घरेलू उत्पादन ढांचा कमजोर पड़ता है, तो प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी घट सकती है। ऊर्जा क्षेत्र में उत्पादन की गिरावट विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि यह विनिर्माण से लेकर परिवहन तक हर गतिविधि की लागत को प्रभावित करता है। ऐसे में सरकार के सामने दोहरी चुनौती है–एक ओर महंगाई को नियंत्रित रखना और दूसरी ओर उत्पादन एवं निवेश को प्रोत्साहन देना। इसके लिए बुनियादी क्षेत्रों में अड़चनों की पहचान कर त्वरित नीतिगत हस्तक्षेप आवश्यक है। ऊर्जा सुरक्षा, कच्चे माल की उपलब्धता, लॉजिस्टिक सुधार और निजी निवेश को आकर्षित करने के ठोस उपाय समय की मांग हैं।

# गांव से दिखा एआई समिट का चमकता मंच

**तवलीन सिंह**



यह लेख एक गांव में बैठकर लिख रही हूं। यहां से देखा मैंने पिछले सप्ताह दिल्ली में हो रहे एआइ समिट का तामझाम। सच पूछिए तो अजीब-सा लगा। यहां बैठकर जब समाचार चैनलों पर सुने मैंने एआइ के महारथियों के भाषण, तो लगा जैसे ये लोग किसी दूसरे ग्रह से बातें कर रहे थे। ऐसा लगा जैसे इन महारथियों को जानकारी नहीं है कि भारत के सरकारी स्कूलों का हाल क्या है। जानते नहीं हैं कि अभी तक इन स्कूलों में कंप्यूटर भी इतने थोड़े आए हैं कि इंटरनेट से वास्ता जोड?ा हो, तो सेलफोन से होता है। यह गांव महाराष्ट्र में है। यहां एक बड़ा निजी स्कूल ऐसा है, जिसको सरकारी स्कूलों के हिसाब से देखा जाए, तो काफी अच्छा है। यहां थोड़ी बहुत फीस लगती है, लेकिन अध्यापक आते हैं रोज और बच्चों को वाणिज्य और विज्ञान से लेकर साहित्य तथा अंग्रेजी भाषा तक पढ़ाने का इंतजाम है। बच्चे अच्छी-सी वर्दी पहन कर आते हैं साइकिलों पर। लड़कियों की वर्दी है नीली कमीज, सफेद सलवार और बालों में लाल रंग के फीते। लड़कों की वर्दियां विदेशी पैंट-शर्ट हैं, वही नीले सफेद रंगों में।

मैं इस गांव में आती रही हूं पिछले कोई तीन दशकों से, इसलिए जानती हूं कई लोगों को, जिनकी पढ़ाई इस स्कूल में हुई है। लिख-पढ़ लेते हैं सब, लेकिन इतना नहीं कि कोई अच्छी नौकरी हासिल कर सकें। इसलिए मुंबई से यहां बसे धनवानों के घरों में नौकर बनते हैं। कोई ड्राइवर है, कोई सुरक्षा गार्ड का काम करता है और बहुत तरक्की जो करते हैं, उनको मैनेजर या 'हाउसकीपरइ की नौकरी मिलती है। इनमें से एक भी नहीं मिला है मुझे जो अंग्रेजी बोल सकता हो या बुनियादी गणित से आगे बढ़ चुका हो। कंप्यूटर की समझ है, लेकिन एआइ के बारे में कोई नहीं जानता है। यहां गरीबों की बस्ती में एक दूसरा स्कूल है, जहां बच्चे नंगे पांव आते हैं स्कूल में घिसे, पुराने कपड़ों में। स्कूल को एक पुराने किस्म के सरकारी बंगले में बनाया गया है, जिसकी छत में से बरसात के मौसम में पानी इतना गिरता है कि स्कूल को बंद किया जाता है इस मौसम में। यहां दो अध्यापकों के आने का इंतजाम है, लेकिन वे आती हैं इस गांव से कई किलोमीटर दूर एक छोटे शहर से। देहात के हिसाब से इनका वेतन अच्छा है, लेकिन पढ़ाने तभी आती हैं, जब आना जरूरी हो। जब चुनाव होते हैं, तो इनकी ड्यूटी कहीं और लग जाती है। बच्चों की पढ़ाई में जो नुकसान होता है, इसकी कोई परवाह नहीं करता है। यहां जो बच्चे पढ? आते हैं, उनके माता-पिता इतने गरीब हैं कि इनके झुग्गीनुमा घरों में कोई सुविधा नहीं होती है बिजली-पानी की। समंदर किनारे इस गांव की तस्वीर को मैंने आपके लिए विस्तार से खींचा है, इसलिए कि ऐसे गांव भारत के हर राज्य में आपको मिलेंगे। महाराष्ट्र भारत के विकसित राज्यों में गिना जाता है, तो आप कल्पना कीजिए कि बिहार और उत्तर प्रदेश में क्या हाल होता होगा गांवों के सरकारी स्कूलों का। स्वास्थ्य सेवाएं इस गांव में न होने के बराबर है। एक कस्बा

> *मैं इस गांव में आती रही हूं पिछले कोई तीन दशकों से, इसलिए जानती हूं कई लोगों को, जिनकी पढ़ाई इस स्कूल में हुई है। लिख–पढ़ लेते हैं सब, लेकिन इतना नहीं कि कोई अच्छी नौकरी हासिल कर सकें। इसलिए मुंबई से यहां बसे धनवानों के घरों में नौकर बनते हैं। कोई ड्राइवर है, कोई सुरक्षा गार्ड का काम करता है और बहुत तरक्की जो करते हैं, उनको मैनेजर या 'हाउसकीपरइ की नौकरी मिलती है। इनमें से एक भी नहीं मिला है मुझे जो अंग्रेजी बोल सकता हो या बुनियादी गणित से आगे बढ़ चुका हो। कंप्यूटर की समझ है, लेकिन एआइ के बारे में कोई नहीं जानता है। यहां गरीबों की बस्ती में एक दूसरा स्कूल है, जहां बच्चे नंगे पांव आते हैं स्कूल में घिसे, पुराने कपड़ों में। स्कूल को एक पुराने किस्म के सरकारी बंगले में बनाया गया है, जिसकी छत में से बरसात के मौसम में पानी इतना गिरता है कि स्कूल को बंद किया जाता है इस मौसम में। यहां दो अध्यापकों के आने का इंतजाम है, लेकिन वे आती हैं इस गांव से कई किलोमीटर दूर एक छोटे शहर से। देहात के हिसाब से इनका वेतन अच्छा है, लेकिन पढ़ाने तभी आती हैं, जब आना जरूरी हो। जब चुनाव होते हैं, तो इनकी ड्यूटी कहीं और लग जाती है। बच्चों की पढ़ाई में जो नुकसान होता है, इसकी कोई परवाह नहीं करता है। यहां जो बच्चे पढ? आते हैं, उनके माता–पिता इतने गरीब हैं कि इनके झुग्गीनुमा घरों में कोई सुविधा नहीं होती है बिजली–पानी की। समंदर किनारे इस गांव की तस्वीर को मैंने आपके लिए विस्तार से खींचा है, इसलिए कि ऐसे गांव भारत के हर राज्य में आपको मिलेंगे।*

है कुछ दूरी पर जहां मरीजों को ले जाया जाता है, लेकिन बीमारी गंभीर हो तो कम से कम तीस किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। बहुत गंभीर हो तो मुंबई जाना पड़ता है, जो इस गांव से सौ किलोमीटर दूर है। एआइ के विशेषज्ञ कहते हैं कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में एआइ बहुत काम आएगा। यह बात सच भी है।

पिछले सप्ताह मेरे घुटने में थोड़ी तकलीफ थी, तो मैंने चैटजीपीटी से सलाह ली और बड़े ध्यान से उसने मेरी तकलीफ के बारे में जानकारी ली तथा इलाज बताया। घुटना ठीक हो गया है मेरा बिना डाक्टर से सलाह लेने के। मेरी जानकारी के कई लोग हैं, जो छोटा-मोटा इलाज करवाना हो, तो चैटजीपीटी से करवा लेते हैं। यानी एआइ वास्तव में अपने देश के देहातों में कई लाभ ला सकता है। समस्या यह है कि एआइ को चलाने के लिए बिजली बहुत चाहिए होती है और अपने देहातों में बिजली आती-जाती है अपनी मर्जी से। इसलिए इस गांव में बैठकर जब मैंने देखे एआइ इम्पैक्ट समिट के दृश्य, जिनमें अपने प्रधानमंत्री को देखा दुनिया के सबसे बड़े राजनेताओं से गले मिलते हुए, तो बहुत अच्छा लगा। और भी अच्छा लगा जब देश के सबसे प्रसिद्ध पत्रकार भी इस सम्मेलन में दिखे। वे न होते, तो शायद गलगोटिया विश्वविद्यालय का वह झूठ न पकड़ा जाता, जिसमें एक चीन में बनाए हुए रोबोट कुत्ते को विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने अपने छात्रों का बनाया हुआ बताने की कोशिश की।

इन पत्रकारों में से कुछ ऐसे भी हैं, जो चुनावों के मौसम में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में घूमने आते हैं, लेकिन अजीब समस्या हमारी यह है कि हम जब वापस दिल्ली और मुंबई जाते हैं, तो भूल जाते हैं कि जब तक शहरी इंडिया और ग्रामीण भारत के तार जोड? का काम नहीं होता है, तब तक एआइ बेमतलब रहेगा, बिल्कुल वैसे जैसे 2047 तक भारत का विकसित होना बेमतलब लगता है। सुनहरा सपना है, लेकिन देश के यथार्थ से बहुत दूर लगता है इस गांव से। जब देखती हूं मुंबई और दिल्ली में होते इस तरह के सम्मेलनों को, तो वास्तव में ऐसा लगता है जैसे किसी दूसरे ग्रह के नजारे देख रही हूं। इसलिए दिल से उम्मीद करती हूं कि एआइ जल्दी से जल्दी भारत के देहातों में फैले, ताकि हम उन बुनियादी समस्याओं का समाधान ढूंढ़ पाएं, जो मानव बुद्धि से सुलझे नहीं हैं अभी तक। बदहाल शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याएं। बिजली, पानी की समस्याएं। गरीबी, गंदगी की समस्याएं। क्या एआइ इन सारी समस्याओं के समाधान ढूंढ़ सकेगा? ऐसे सवाल मन में आते रहे एआइ सम्मेलन को दूर से देखते समय। कृत्रिम मेधा (एआइ) का दौर शुरू हो चुका है। यह सच है कि एआइ मानव क्षमताओं और उत्पादकता को कई गुना बढ़ा देगा। भारत के पास मानव संसाधनों की विशाल और लगातार बढ़ती संपदा है (कम से कम 2050 तक)। हालांकि, इसकी गुणवत्ता विकसित देशों के मानव संसाधनों से काफी अलग है। एक विकसित देश में व्यावहारिक रूप से हर कोई स्कूली शिक्षा प्राप्त करता है और विद्यार्थियों की आबादी का एक बड़ा हिस्सा कालेज तक की शिक्षा ग्रहण करता है। वहां जीवन भर सीखने और नए कौशल हासिल करने का अवसर होता है। भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ इसका बोझ भी आता है।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# सफलता की असली ताकत है दृढ़ निश्चय

**प्रेरणा अवस्थी**

जीवनरूपी महासागर की इस यात्रा में जो तत्त्व पतवार की भूमिका अदा करता है, वह है दृढ़ निश्चय। यह ऐसी शक्ति है, जो मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में भी सही दिशा से भटकने नहीं देती। इसलिए यह कहना कोई अत्युक्ति नहीं कि दृढ़ निश्चय ही जीवन की पतवार है।

आज का समय जितना द्रुत है, उतना ही अधिक विचलनशील भी। तकनीक के उन्नयन ने निस्संदेह हमें सुविधाओं का अमूल्य कोष प्रदान किया है, लेकिन साथ ही हमें अधीरता भी एक पार्श्वप्रभाव के रूप में प्राप्त हुई है। विकल्पों की बाढ़ ने हमें विविध अवसर दिए हैं, लेकिन निर्णय की स्थिरता को बहुत बुरी तरह प्रभावित किया है। आज स्थिति यह है कि हम शीघ्रातिशीघ्र परिणाम चाहते हैं, तत्काल स्थापित होना चाहते हैं और बिना संघर्ष के ही सफलता की कल्पना करने लगते हैं। यही कारण है कि मार्ग में उपस्थित छोटे-छोटे अवरोध भी हमें बड़े संकट जैसे प्रतीत होने लगते हैं। कोई कार्य अपनी सिद्धि में थोड़ा समय ले ले, तो हमारा मन हमसे कहता है कि इसे छोड़ोइ। कार्य में असफलता प्राप्त होने पर मन उसे अपनी क्षमताओं की परिधि से परे समझ लेता है। आलोचना की स्थिति में मन हताशा और नकारात्मकता से भरने लगता है।

ऐसे प्रतिकूल समय में दृढ़ निश्चय ही वह आंतरिक बल है, जो मन को टूटने से बचाता है और विचारों को बिखरकर व्यर्थ नहीं होने देता। दृढ़ निश्चय को कई बार हठ, जिद या कठोरता के साथ जोड़ दिया जाता है। मगर वास्तविक दृढ़ निश्चय का आधार कभी कठोर नहीं होता, बल्कि यह विवेक की कोमलता से निर्मित होता है। दृढ़ निश्चय सदैव सही लक्ष्य चुनकर, सही दिशा पकड़कर, प्रत्येक बाधा को पार करते हुए आगे बढ?



की प्रेरणा देता है। इसकी पतवार में एक अनोखा लचीलापन होता है। परिस्थितियां बदलने पर यह अपनी गति का तरीका भी परिवर्तित कर लेती है, लेकिन प्रत्येक दशा में लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता बनी रहती है। यह व्यक्तित्व को स्थिरता प्रदान करता है। अंतर्मन में विद्यमान भय, आलस्य, निराशा और शंका व्यक्ति की संभावनाओं को समाप्त कर देते हैं। दृढ़ निश्चय ही वह गुण है जो इन शत्रु भावों के प्रति एक अमोघ अस्त्र का कार्य करके इनका शमन करता है और मन को लक्ष्य के साथ बांधे रखता है।

सफलता का मार्ग बाहर से जितना आकर्षक दिखाई पड़ता है, भीतर से उतना ही कठिन और संघर्षपूर्ण होता है। हम अक्सर किसी व्यक्ति की मंजिल को देखते हैं, उस मंजिल तक पहुंचने में उसके द्वारा की गई यात्रा को नहीं। अनेक बार टूटकर भी अपने संकल्प को बचाए रखने के उत्साह को शायद हम नहीं देख पाते। दृढ़ निश्चय का संबंध परिश्रम के साथ धैर्य से भी है। निरंतरता ही मेहनत के मूल्य को निर्मित करती है। यह सीख हमें प्रकृति से सतत रूप से मिलती रहती है। बीज मिट्टी में पड़कर तत्काल वृक्ष नहीं बन जाता। बहता पानी एक ही दिन में नदी के रूप में अपनी पहचान नहीं प्राप्त कर लेता। पर्वतों की विशालता भी सदियों में ही अस्तित्व में आती है। ठीक इसी तरह मनुष्य के भीतर भी बड़े परिवर्तन एक क्षण में नहीं घटित होते।

दृढ़ निश्चय व्यक्ति को लंबी यात्रा के लिए तैयार करता है। वह उसे सदैव प्रेरित करता है कि मार्ग अवश्य कठिन एवं दुरूह होगा, लेकिन यात्रा को विराम मत देना। छोटे-छोटे संकल्प मन को दृढ़ता प्रदान करते हैं। संकल्पों की ऊर्जा से सिंचित मन ही धीरे-धीरे बड़े संघर्षों के लिए तैयार होता है। दृढ़ निश्चय का आधार है- स्वयं के प्रति ईमानदारी। जो व्यक्ति अपने आप से बार-बार वादा कर-के तोड़ता है, वह अति शीघ्र भीतर से कमजोर हो जाता है, लेकिन स्वयं के साथ प्रतिबद्ध व्यक्ति आत्मविश्वास के उच्चतम स्तर को प्राप्त कर लेता है।

दृढ़ निश्चय व्यक्ति को परिस्थितियों का दास नहीं बनने देता। यह व्यक्ति को प्रतिकूल परिस्थिति में भी प्रयत्न की निरंतरता को बनाए रखने की शक्ति देता है। नतीजतन, व्यक्ति मानसिक रूप से सशक्त हो जाता है। दृढ़ निश्चय से पूर्ण व्यक्ति गिरकर भी उठता है, रुककर भी फिर चल पड़ता है और हारकर भी जीतने का प्रयास करता है। जीवन में कई बार हम कुछ समय के लिए पीछे चले जाते हैं, लेकिन अगर हमारा संकल्प जीवित है, तो हम फिर से आगे बढ़ जाते हैं। एक महत्त्वपूर्ण बात यह कि दृढ़ निश्चय की पतवार बिना दिशा के नहीं चलती। इसलिए लक्ष्य का चयन भी नितांत महत्त्वपूर्ण है। लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो आत्मा की गहराई से जुड़ा हो। जब लक्ष्य हमारे भीतर से निकलता है, तब दृढ़ निश्चय स्वतः मजबूत होता है। मगर जब लक्ष्य केवल बाह्य प्रदर्शन के लिए होता है, तब वह कठिनाई का वार होते ही टूट जाता है। इसलिए जीवन में सर्वप्रथम यह स्पष्ट होना जरूरी है कि हमें दरअसल चाहिए क्या। उसके बाद उसी लक्ष्य के लिए अपने भीतर दृढ़ निश्चय को उत्पन्न करना चाहिए। आज तेजी से परिवर्तित होती दुनिया, अनियंत्रित प्रतिस्पर्धा और जटिल चुनौतियों के बीच हमें अपने भीतर दृढ़ निश्चय को केवल एक गुण के रूप में ही नहीं, बल्कि जीवन की आधारशिला के रूप में विकसित करना होगा। जो व्यक्ति दृढ़ निश्चय की पतवार थामकर जीवनयात्रा को जारी रखता है, परिस्थितियां उसे लेशमात्र भी क्षति नहीं पहुंचा सकतीं। वे केवल और केवल उसके व्यक्तित्व को निखारने का कार्य करती हैं।

**– लेखक के निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**26 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**गुरुवार** 2026 वर्ष का 57 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 00.34 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** मृगशीर्ष 12.12 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 22.34 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 13.37 बजे तदनन्तर गर 00.34 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 8.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 48'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872632
**जूलियन दिन** 2461097.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान
**तारीख** 08

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.19 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मेष | 08.50 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.30 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.28 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.41 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.57 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.09 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.20 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.35 ब.से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | धनु | 01.51 बजे से |
| | | मकर | 03.56 बजे से |
| | | कुंभ | 05.42 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8783

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. ईश वंदना-3
3. हाथ की तीसरी अंगुली-4
5. आगमन-2
6. स्वादिष्ट-3
7. हरसिंगार, पारिजात-2
8. क्रिकेट में बनते हैं-2
10. खौलना, उबलना-5
12. धनवान-3
15. खोदना-3
17. चुनाव, चयन-5
20. नसीब(अंग्रेजी-2)
22. कलर-2
23. रक्षक, संकटमोचक-3
24. कार्य, काज-2
25. सुंघनी, नस-4
26. पुराना जुकाम-3

**ऊपर से नीचे**

1. रुपए का सोलहवां भाग-2
2. कुलबुलाना, तड़पना-5
3. जो कभी बूढ़ा न हो-3
4. बंदूक की गोली-4
5. अभिलेख, लेख-3
7. रात, रात्रि (उर्दू-2)
9. मादा का विलोम-2
11. धुन, लगाव-3
13. चरित्र, नीयत-3
14. तफरीह-5
15. अनाज रखने की जगह-4
16. टोंटी, नलका-2
18. बहुमूल्य रत्न-2
19. अनाथ, बेसहारा-3
21. डोली उठाने वाले-3
24. सफेद का विलोम -2

**शब्द पहेली -8782 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झ | न्डा | ■ | ते | ■ | प | ■ | श | क |
| र | ■ | दा | ल | ■ | री | ता | ■ | ल |
| ना | खु | दा | ■ | पा | ■ | रा | इ | मा |
| ■ | श | ■ | अ | ला | वा | ■ | न्द्र | ■ |
| ब | ग | दा | द | ■ | स | म | ध | न |
| ■ | वा | ■ | द | ल | ना | ■ | नु | ■ |
| ग | र | म | ■ | क्ष | ■ | ऋ | ष | भ |
| र | ■ | स्त | र | ■ | कृ | षि | ■ | ला |
| ल | ब | ■ | क्षा | ■ | मि | ■ | ता | ई |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7717** ★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7716 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |




# तिहाड़ से निकलकर काम पर लौटे राजपाल

## शुरू की 'वेलकम 3' की शूटिंग, सेट से साझा किया वीडियो

**तिहाड़** जेल से रिहा होने के बाद राजपाल यादव वापस काम पर लौट आए हैं। उन्होंने फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेता राजपाल यादव चेक बाउंस मामले में जेल से बाहर आ चुके हैं। राजपाल अब काम पर लौट आए हैं। उन्होंने आज कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के सेट से अपना एक खास वैनिटी विचार का वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

जिसमें उन्होंने कई बातों का जिक्र किया है। जो उनके फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है।

### राजपाल ने शुरू की फिल्म की शूटिंग

राजपाल की टीम ने बताया कि मुंबई पहुंचते ही वह शूटिंग में जुट गए हैं। वह 28 फरवरी को मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करने वाले हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को अहमद खान डायरेक्ट कर रहे हैं। राजपाल ने जेल से बाहर आने के बाद अपना पहला वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने अपने वैनिटी विचार को शेयर किया और बताया कि वह अब काम कर लौट आए हैं। उन्होंने सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए फैंस का धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने बताया कि वह 30 जून 1997 को पहली बार मुंबई आए थे और यही से उनका सफर शुरू हुआ था। अगले साल उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में पूरे 30 साल हो जाएंगे।

# सरगुन मेहता ने प्रेग्नेंसी की खबरों पर लगाया विराम

## अफवाह उड़ाने वालों की लगाई क्लास



सोशल मीडिया पर अक्सर सेलेब्रिटीज की निजी जिंदगी को लेकर बिना आधार की अफवाहें फैल जाती हैं, जो कि उनकी निजी जिंदगी को परेशान करने लगी हैं। ऐसा ही कुछ कई समय से टीवी-पंजाबी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री सरगुन मेहता और उनके पति रवि दुबे के साथ हो रहा था। दरअसल, पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर लगातार यह खबरें फैल रही थीं कि सरगुन मेहता प्रेग्नेंट हैं। इन अफवाहों की वजह से फैंस में काफी उत्साह था, लेकिन कपल की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। अभिनेत्री सरगुन ने शनिवार को आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस मामले पर विराम लगा दिया है। उन्होंने एक नोट शेयर किया, जिसमें अभिनेत्री ने खंडन करते हुए लिखा, 'अफवाह फैलाने वालों को तो पिछले 2 साल से मेरी 'प्रेग्नेंसी' के बारे में मुझसे पहले ही सब पता चल जाता है। उनके अनुसार मैं पिछले 2 साल से प्रेग्नेंट हूं। भला, इतनी लंबी प्रेग्नेंसी किसी की होती भी है क्या? अभिनत्री ने आगे लिखा, 'प्लीज शांत रहें और बिना किसी आधार की खबरें फैलाना बंद करें। कोई भी खबर फैलाने से पहले हमसे या हमारी टीम से एक बार पूछ लेना ज्यादा मुश्किल नहीं है, ताकि सही जानकारी सामने आ सके। अभिनेत्री सरगुन मेहता ने नोट शेयर कर लिखा, 'आपको ऐसी प्रेग्नेंसी के बारे में कैसे पता चल गया, जिसके बारे में मुझे और रवि को ही कोई जानकारी नहीं है? प्लीज ऐसी अफवाहें फैलाना बंद करें। '

अभिनेत्री के पोस्ट शेयर करने के बाद कई यूजर्स और दोस्तों ने प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री गौहर खान ने कमेंट बॉक्स में हाथ जोड़ते हुए प्रतिक्रिया दी, तो सरगुन के पति रवि दुबे ने लिखा, 'क्या कैप्शन है। सेलेब्स को अपनी निजी जिंदगी को लेकर बार-बार ऐसे झूठे दावों का सामना करना पड़ता है। इससे पहले कई सेलेब्स इस तरह की झूठी अफवाहों का सामना कर चुके हैं। अभिनेत्री रीम शेख की भी शादी की खबरें उड़ी थीं। दरअसल, लाफ्टर ज्वाइन करने से पहले उनका नाम कंटेंट क्रिएटर कृष गुप्ता के साथ जुड़ा था। साथ ही, यह दावा भी किया गया था कि वे जल्द ही उनसे शादी करने वाली हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने सोशल मीडिया के जरिए इस पर प्रतिक्रिया दी थी।



नागा से अलग होने के बाद टूट गई थीं सामंथा, प्यार से उठ गया था भरोसा; कहा-

# राज ने मुझे बेहतर इंसान बनाया

सामंथा रुथ प्रभु और नागा चैतन्य 2021 में अलग हो गए थे। इसके बाद सामंथा ने किसी के ऊपर भरोसा करना बंद कर दिया था। लेकिन अब उन्होंने बताया कि कैसे राज निदिमोरु ने उन्हें बदल दिया है। अपनी पर्सनल लाइफ के सबसे मुश्किल दौर से गुजरने के बाद अब सामंथा रुथ प्रभु को फिर से प्यार मिल गया है। एक्ट्रेस ने पिछले साल दिसंबर में फिल्ममेकर राज निदिमोरु से शादी की। अब सामंथा ने अपने हार्टब्रेक पर खुलकर बात की और बताया कैसे उन्होंने मूव ऑन किया।

### मैं पूरी तरह से बिखर गई थी

हाल ही में वाग्यू इंडिया को दिए इंटरव्यू में सामंथा ने दिल खोलकर बताया कि कैसे एक हार्टब्रेक के बाद उन्होंने खुद को पूरी तरह बंद कर लिया था। लेकिन राज की दोस्ती और प्यार ने उन्हें फिर से प्यार पर भरोसा करना सिखाया। सामंथा ने कहा, 'जब मेरा सेपरेशन हुआ, तो मैं पूरी तरह से बिखर गई थी। मुझे नहीं लगता था कि मैं कभी किसी पर दोबारा भरोसा कर पाऊंगी। लेकिन शुक्र है कि मैंने खुद को इतना कमजोर नहीं होने दिया और प्यार और दोस्ती पर फिर से भरोसा किया। आज मैं एक बेहतर इंसान हूं, सिर्फ इसलिए क्योंकि मेरी जिंदगी में राज जैसे इंसान हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'यह बदलाव उनके करीबियों को भी महसूस हो रहा है। कुछ दिन पहले मैं अपनी एक पुरानी दोस्त से मिली। बाद में उसने मुझे वॉइस नोट भेजा और कहा कि काफी समय बाद ऐसा लग रहा है कि तुम्हें सांस लेने में तकलीफ नहीं हो रही। अब मैं कुछ दिखावा नहीं कर रही हूं।'

### 2021 में नागा चैतन्य से अलग हुई थी सामंथा

सामंथा और नागा चैतन्य की लव स्टोरी 2010 की फिल्म 'ये माया चेसावे' के सेट से शुरू हुई थी, जो सामंथा की डेब्यू फिल्म भी थी। दोस्ती प्यार में बदली और दोनों ने 2017 में भव्य शादी की। लेकिन शादी के चार साल बाद, 2021 में दोनों ने अलग होने का फैसला लिया।



सैयामी खेर बोलीं-

# कमजोरी दिखाना सबसे बड़ी चुनौती, विक्रम फडनीस के सोशल ड्रामा में दिखेगा नया अंदाज

फल्म इंडस्ट्री को घूमर जैसी फिल्में दे चुकीं एक्ट्रेस सैयामी खेर अपनी अपकमिंग अनटाइटल्ड सोशल ड्रामा को लेकर उत्साहित है। शूटिंग में व्यस्त सैयामी का मानना है कि स्क्रीन पर कमजोरी और भावनात्मक पक्ष दिखाना शारीरिक रूप से मुश्किल रोल निभाने से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण होता है। सैयामी खेर फिलहाल विक्रम फडनीस के निर्देशन में बन रही बिना टाइटल वाली सोशल ड्रामा फिल्म में काम कर रही हैं, जिसमें वह अपने विनम्र और भावनात्मक पक्ष को दर्शकों को दिखाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में सैयामी के साथ ताहिर राज भसीन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग चल रही है। मेकर्स ने अभी रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है। सैयामी खेर ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा क्यों बनीं या अपकमिंग फिल्म में अपने किरदार को लेकर उन्हें क्या बात सबसे पसंद आई। उन्होंने बताया, 'मैंने अब तक ज्यादातर ऐसे किरदार निभाए हैं जो फिजिकली बहुत डिमांडिंग थे। उन रोल्स ने मुझे एक एक्ट्रेस के तौर पर काफी मजबूत बनाया है, लेकिन यह नई फिल्म बहुत अलग है। यह ज्यादा सॉफ्ट, ज्यादा इमोशनल है और बाहर की एक्शन के बजाय अंदरूनी सफर पर केंद्रित है। इसी वजह से मुझे यह प्रोजेक्ट बहुत पसंद आया। जाट, रे, मिर्ज्या, मौली, चोक्ड, वाइल्ड डॉग जैसी फिल्मों और स्पेशल ऑप्स, फाडू जैसी सीरीज में काम कर चुकीं सैयामी ने बताया कि वह इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म में उनका अलग अंदाज देखने को मिलेगा। सैयामी ने कहा, 'कभी-कभी कमजोरी दिखाना कहीं ज्यादा मुश्किल होता है और मैं उस स्पेस को एक्सप्लोर करने के लिए काफी उत्सुक हूं। सैयामी ने हाल ही में प्रियदर्शन निर्देशित एक्शन थ्रिलर हैवान की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार और सैफ अली खान नजर आएंगे। शारिब हाशमी भी अहम भूमिका में हैं।

लड़की के चक्कर में

# अक्षय कुमार की पिटाई, दिल देना पड़ गया था भारी



**बॉलीवुड** एक्टर अक्षय कुमार जल्द ही बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी करने वाले हैं. खिलाड़ी कुमार के पास फिलहाल कई फिल्में हैं, जिनमें 'वेलकम टू द जंगल', 'भूत बंगला', 'हैवान', और 'हेरा फेरी 3' शामिल है. फिल्मों के साथ ही अक्षय कुमार सोनी का शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भी होस्ट कर रहे हैं. अक्षय कुमार अक्सर शो के दौरान वहां मौजूद कंटेस्टेंट्स से बातचीत करते रहते हैं. अब शो के हालिया एपिसोड में अक्षय ने पहली बार नेशनल टेलीविजन पर अपने कॉलेज क्रश के बारे में खुलकर बात की. एक्टर ने अपने पुराने कॉलेज के दिनों के बारे में दिलचस्प बात बताई, जिसने सुनकर सबके चेहरे पर हंसी आ गई. व्हील ऑफ फॉर्च्यून के लेटेस्ट एपिसोड में एक कंटेस्टेंट आदर्श ने शायरी सुनाई और इसी दौरान चर्चा होने लगी कि क्या मर्द किसी का दिल जीतने के लिए काफी कोशिश करते हैं या नहीं. इस बात पर अक्षय कुमार को अपने कॉलेज के दिन याद आ गए और उन्होंने वहां मौजूद सभी लोगों को उनके कॉलेज क्रश के बारे में बताया.

### किसे चाहते थे अक्षय कुमार

अपने दिल की बात बताते हुए अक्षय कुमार ने कहा, 'मुझे याद है, मैं अपने टाइम की बात कर रहा हूं. आज से करीब 40 साल पहले मैं कॉलेज में था तो मैं एक लड़की को बहुत चाहता था. मैंने उसके लिए गाना सीखा और मेरा एक दोस्त था, जिसको गिटार चलाना आता था. मैं सच्ची में कह रहा हूं, मैं उसके घर के बाहर जाकर गाना गाया और वो गिटार बजा रहा था. मैंने गाना गाया, उसके बाद पता है क्या हुआ? '

### जब अक्षय ने खाई पिटाई

इसके आगे अक्षय कुमार ने कहा, 'उसके जितने भी पड़ोसी थे, उन्होंने मुझे पीटा. हम दोनों ने मार खाई. मेहनत ज्यादा होने से भी पिटाई होती है.' इससे ऑडियंस हंसते-हंसते लोटपोट हो गई. पर्सनल लाइफ की बात करें तो अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से 2001 में शादी की थी. इस कपल ने 17 जनवरी, 2001 को एक छोटी सी सेरेमनी में शादी की, जिसमें करीबी दोस्त और परिवार वाले शामिल हुए थे.

टिस्का चोपड़ा ने

# शेयर किया घर से काम करने का 'दर्द'



**अभिनेत्री** टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने शनिवार को भी कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, 'घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे। अभिनेत्री का यह पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। टिस्का चोपड़ा का अभिनय करियर काफी शानदार रहा है। भले ही टिस्का चोपड़ा पर्दे पर कम नजर आईं, लेकिन वह अपनी मौजूदगी से दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ती हैं। अभिनेत्री पिछली बार फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं, जो 15 मार्च 2024 को रिलीज हुई थी। इससे पहले, उनकी तेलुगु क्राइम थ्रिलर फिल्म 'हिटः द थर्ड केस' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में उन्होंने एडीजीपी कर्णिका आहूजा का रोल प्ले किया था। टिस्का ने हाल ही में फिल्म साली मोहब्बत से निर्देशन में डेब्यू किया है। इस फिल्म में राधिका आप्टे, दिव्येंदु, अनुराग कश्यप और वेटरन एक्टर शरत सक्सेना मुख्य भूमिका में हैं। इसका निर्माण जियो स्टूडियोज और मनीष मल्होत्रा मिलकर स्टेज5 प्रोडक्शन के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म की कहानी एक छोटे शहर की साधारण गृहिणी के इर्द-गिर्द घूमती है। वह जिंदगी में अचानक बेवफाई और धोखे के जाल में फंस जाती है। फिर शुरू होती है उसकी जिंदगी की असली जंग। कहानी में प्यार, धोखा, बदला और आत्म-सम्मान जैसे कई गहरे मुद्दे छुए गए हैं। यह फिल्म जी5 पर जल्द ही रिलीज होगी।

# 20 की उम्र में 13 साल बड़े एक्टर से प्यार, 14 महीने में टूटी सगाई, रश्मिका मंदाना की पहली लव स्टोरी!

**साउथ** इंडियन सिनेमा और बॉलीवुड की एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। विजय देवरकोंडा के साथ उनकी वैवाहिक रस्में 26 फ़रवरी को उदयपुर में पूरी होंगी। फिल्म इंडस्ट्री में रश्मिका मंदाना को पहली बार प्यार उस वक्त हो गया था, जब वे अपनी डेब्यू फिल्म 'किरिक पार्टी' (कन्नड़) की शूटिंग कर रही थीं। प्यार हुआ था एक्टर रक्षित शेट्टी से। वह भी ऐसा कि दोनों ने साथ जीने-मरने की कसमें खा लीं। खास बात यह है कि उस वक्त रश्मिका महज 20 साल की थीं।



**13 साल बड़े रक्षित शेट्टी से रश्मिका ने कर ली थी सगाई:** 30 दिसंबर 2016 को'किरिक पार्टी' रिलीज हुई और लगभग 6 महीने बाद 3 जुलाई 2017 को रश्मिका मंदाना ने रक्षित शेट्टी से सगाई कर ली, जो उनसे उम्र में 13 साल बड़े हैं। सगाई में दोनों के फैमिली मेम्बर्स भी मौजूद थे। रश्मिका और रक्षित की जोड़ी को साउथ सिनेमा की सबसे चर्चित जोड़ियों में गिना जाने लगा था।

रश्मिका और रक्षित के फैन्स इस बात की उम्मीदें कर रहे थे कि दोनों कभी भी शादी के बंधन में बंध सकते हैं।

# गांधी परिवार ने हमेशा देश के हितों से समझौता किया : नितिन नवीन

**राहुल गांधी विदेशी शक्तियों की कठपुतली**

एजेंसी

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने बुधवार को कांग्रेस और नेहरू- गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला । उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्य संस्कृति ह्यनेशन फर्स्ट, पार्टी नेक्स्ट, सेल्फ लास्टह्ल के सिद्धांत पर आधारित रही है, जहां राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जबकि कांग्रेस की राजनीति ह्यसेल्फ फर्स्ट, पार्टी नेक्स्ट, नेशन लास्टह्ल की सोच से संचालित रही है, जहां हमेशा से ही राष्ट्रहित से समझौता करते हुए व्यक्तिगत स्वार्थ को सर्वोपरि माना जाता रहा है।



नितिन नवीन ने पटना से दिल्ली जाने से पहले कहा कि यह ह्यसमझौता मिशनह्ल की कहानी है, जिसमें देश के हितों से समझौता कर परिवार के हितों को प्राथमिकता दी गई। उन्होने कहा कि 1954 में किस प्रकार नेहरू ने बिना किसी रिवॉर्ड के तिब्बत में भारत के अधिकार को चीन को सौंप दिया।

नितिन नवीन ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर रक्षा सौदों के जरिए निजी बैंक खाते भरने के आरोप लगाए। राजीव गांधी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय रक्षा सेवाओं का उपयोग निजी वित्तीय हितों को मजबूत करने के लिए किया गया। नितिन नवीन ने राहुल गांधी को ह्यविदेशी शक्तियों की कठपुतलीह्ल बताते हुए कहा कि कांग्रेस का चुनावी इतिहास सीआईए की फंडिंग से दागदार रहा है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी के राजनीतिक जीवन पर भी सवाल उठते हैं। नितिन नवीन ने आरोप लगाया कि 2004 से 2014 के बीच राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के माध्यम से उन्होंने ह्यसुपर प्रधानमंत्रीह्ल की तरह काम किया और समानांतर सरकार चलाई। उन्होंने दावा किया कि इसी अवधि में राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी सरकार और निवेशक जॉर्ज सोरोस के नेटवर्क से फंडिंग मिली। नितिन नवीन ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने हमेशा देश के हितों से समझौता किया और अपने राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है, बल्कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस की राजनीति में कॉम्प्रोमाइज की परंपरा रही है।


नितिन नवीन ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का नाम लेते हुए कहा कि एक समय उन्होंने 45 करोड़ जनता को लायबिलिटी बताया था। उन्होंने आरोप लगाया कि नेहरू का संबंध विदेशी ताकतों से रहा और उनका सचिवालय विदेशी एजेंसियों के लिए खुला रहता था। 1954 के भारत चीन समझौते का जिक्र करते हुए नितिन नबीन ने कहा कि तिब्बत में भारत के अधिकार बिना किसी रिवार्ड के चीन को सौंप दिए गए। यह संदर्भ 1954 के पंचशील समझौते से जोड़ा जाता है, जिसमें भारत ने तिब्बत को चीन का हिस्सा मान लिया था। राहुल गांधी को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें नकारात्मक राजनीति का चेहरा माना जाता है।

# बेनीपुर विधायक ने सदन में उठाई कांवरिया पथ निर्माण की मांग

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बेनीपुर विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से विभिन्न कांवरिया पथों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण की मांग उठाई। उन्होंने सरकार से इन पथों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने का अनुरोध किया, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिल सके।

विधायक चौधरी ने सदन को अवगत कराया कि बेगूसराय जिले के सिमरिया धाम से मधुबनी जिले के पंडौल स्थित उगना महादेव भवानीपुर तक बड़ी संख्या में कांवरिया गंगाजल अर्पित करने जाते हैं। कांवरिया सिमरिया से रोसड़ा, बहेड़ा और बहेरी होते हुए भवानीपुर पहुंचते हैं। इसी प्रकार कहलगांव एवं बटेश्वर स्थान से घोंघा होते हुए बासुकीनाथ, पुनपुन नदी घाट से बैजू धाम (प्रखंड गूरुआ, गया) तक तथा सोनपुर से मुजफ्फरपुर गरीबनाथ स्थान तक नए कांवर पथ के निर्माण की आवश्यकता उन्होंने बताई।



उन्होंने कहा कि इन मार्गों पर वर्तमान में भारी वाहनों का आवागमन रहता है, जिससे हजारों की संख्या में यात्रा करने वाले कांवरियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस संदर्भ में उन्होंने सुल्तानगंज से देवघर तक बने कांवरिया पथ के तर्ज पर अन्य प्रमुख मार्गों पर भी अलग से कांवर पथ विकसित करने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### नवादा में अपहरण व प्रेम-प्रसंग के तीन मामलों का खुलासा, महिलाएं बरामद



**नवादा।** नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र में दर्ज तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार को तीनों महिलाओं को सकुशल बरामद कर लिया है। सभी मामलों में प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। सभी को पुलिस अभिरक्षा में व्यवहार न्यायालय, नवादा भेजा गया। पहला मामला सिरदला थाना कांड संख्या 38/26 से जुड़ा है। खानपुरा पंचायत क्षेत्र से 6 फरवरी को शादी की नियत से तीन बच्चों के साथ एक महिला के अपहरण की प्राथमिकी उसके पिता द्वारा दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच कर रहे एसआई विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महिला को झारखंड के बोकारो से बरामद किया। महिला के साथ गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के टेटुआ गांव निवासी बैजू साव भी मौजूद था। बैजू साव ने पुलिस को बताया कि वह गांव-गांव घूमकर कपड़ा फेरी का काम करता है। इसी दौरान महिला से परिचय हुआ और दोनों ने साथ रहने का निर्णय लिया। दूसरा मामला थाना कांड संख्या 36/26 का है। अकौना पंचायत के एक गांव से 22 जनवरी 2026 को एक नाबालिग युवती को भगा ले जाने का आरोप दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवती को सिरदला बाजार से बरामद कर लिया। तीसरा मामला थाना कांड संख्या 442/25 से संबंधित है। 5 दिसंबर 2025 को सिरदला पंचायत के एक गांव की महिला मैके से अपने ससुराल पटना जाने के दौरान सोनावे तकिया गांव के पास से लापता हो गई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने उसे नवादा से बरामद किया। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तीनों मामलों में प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत सभी का बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेजा गया है। पुलिस ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### भागलपुर एनएच 31 पर हुई दुर्घटना में 4 की असामयिक मौत, 6 घायल, इलाज जारी

**भागलपुर।** भागलपुर जिला के नवगछिया अनुमंडल के झंडापुर थाना अंतर्गत एनएच 31 पर खगड़िया से आ रही एक बस और नवगछिया की ओर से जा रही दो छोटी गाड़ियों में टक्कर हो गई ! जिनमें 4 लोगों की मौत हो गई !इसकी पुष्टि अस्पताल लाने के बाद हुई ।
मृतक चारों की पहचान हो गई है। एक का नाम कुणाल कुमार, उम्र 6 वर्ष, पिता अमन निषाद, साकिन मारर, थाना मोरकाही, जिला खगरडिया है। दूसरे का नाम कटिहार जिला के पोठीया थाना के समेली ग्राम के शिबू मंडल के पुत्र अरविंद मंडल है। तीसरा व्यक्ति 35 वर्षीय पूर्मी देवी तथा उनका पति 40 वर्षीय सुनील दास भीट्टा, इस्माइलपुर भागलपुर के हैं। शेष,6 घायलों का इलाज जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल मायागंज भागलपुर में वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी की देख-रेख में की जा रही है। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, पुलिस अधीक्षक नवगछिया प्रेरणा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवगछिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी बिहपुर, अंचलाधिकारी बिहपुर घटना स्थल का भ्रमण कर घायल लोगों को तुरंत मेडिकल कॉलेज पहुंचवाया।

## राहुल गांधी पर ललन सिंह का पलटवार, कहा -

# राहुल जी, अपने में थोड़ा सुधार लाइए

एजेंसी



**पटना।** केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सोशल मीडिया पोस्ट पर पलटवार करते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी को अपरिपक्व और उनके बयान को देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है। ललन सिंह ने कहा कि राहुल जी ,आप अपने में थोड़ा सुधार लाइए, लेकिन आप कभी सुधरने वाले नहीं हैं। भगवान आपका भला करेगा।उन्होने यह भी कहा कि आप प्रधानमंत्री पर हमला करते हैं। प्रधानमंत्री देश का हित देख रहे हैं। देश के हित में फैसला ले रहे हैं, इसीलिए भारत का विकास हो रहा है। लेकिन आपको इससे मतलब है नहीं। आप गलत चश्मा लगाकर घूम रहे हैं, इसीलिए आपको यह सब दिखाई नहीं देगा। आपकी आदत ही खराब है। ललन सिंह ने राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा कि अपने में सुधार लाइए। सुधार लाइएगा तो आपका भला होगा लेकिन आप तो सुधार लाने वाले में से हैं नहीं। उन्होंने कहा कि एआई समिट में जिस तरीके से आपके कार्यकर्ता ने प्रदर्शन किया, क्या वह देशद्रोही नहीं है? पूरे दुनिया के सामने भारत की इज्जत आप लोगों ने गंवा दी। जो आपके कार्यकताओं ने किया वह देशद्रोह है, यह आपको मानना पड़ेगा। आपको माफी मांगनी चाहिए। लेकिन आप तो माफी मांगने वाले नहीं है और सुधरने वाले भी नहीं हैं। दरअसल, राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा था कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है।

मुझे युवा कांग्रेस के अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है, जिन्होंने ह्यकंप्रोमाइज्ड पीएम के खिलाफ निडर होकर देश के हित में आवाज उठाई है। उन्होंने यह भी लिखा कि अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील में देश के हितों से समझौता किया गया है। यह समझौता हमारे किसानों और टेक्सटाइल उद्योग को नुकसान पहुंचाएगा और हमारे डेटा को अमेरिका के हाथों में सौंप देगा। इस सच्चाई को देश के सामने रखने के लिए युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और आईवायसी के अन्य साथियों की गिरफ्तारी तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का प्रमाण है। कांग्रेस पार्टी और मैं अपने बब्बर शेर साथियों के साथ मजबूती से खड़े हैं। सत्ता को सच का आईना दिखाना अपराध नहीं, देशभक्ति है।

# गृह मंत्री के कार्यक्रम को लेकर इंडो-नेपाल बॉर्डर पर किये गये सुरक्षा के कड़े इंतजाम

एजेंसी

**अररिया।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गृह मंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए इंडो-नेपाल बॉर्डर पर निगरानी व्यवस्था पूरी तरह हाईटेक करते हुए अररिया से सटे लगभग 110 किलोमीटर लंबी सीमा पर एसएसबी ने अत्याधुनिक कैमरे और डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम सक्रिय कर दिया है। अब सीमा पार करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तिगत विवरण डिजिटल रूप से दर्ज किया जा रहा है।



सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा चौकियों पर फेस रीडिंग सिस्टम और आईडी स्कैनर कैमरे स्थापित किए हैं। भारत की ओर से आने-जाने वालों के आधारकार्ड तथा नेपाल के नागरिकों के नागरिकता कार्ड का मिलान डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है। फोटो और पहचान पत्र की जानकारी कंप्यूटर सिस्टम में सुरक्षित की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति की जानकारी सिस्टम में दर्ज विवरण से मेल नहीं खाती है, तो उसे सीमा पार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद अब सीमा पार करना पहले की तरह सहज नहीं रहेगा। सीमा से गुजरने वाले वाहनों की भी विस्तृत जानकारी हाई-टेक कैमरों के माध्यम से रिकॉर्ड की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित नजर रखने के लिए चेक पोस्टों को तकनीकी रूप से और सशक्त बनाया गया है।दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसी की ओर से बॉर्डर पर संयुक्त गश्ती की जा रही है। दोनों देशों की खुली सीमा की सुरक्षा का दायित्व एसएसबी के पास है।

### डीआईजी आशीष ने एसडीपीओ कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया

**सहरसा।** कोसी प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) डा. कुमार आशीष बुधवार को वार्षिक निरीक्षण के तहत सिमरी बख्तियारपुर स्थित एसडीपीओ कार्यालय पहुंचे। उनके आगमन पर पुलिस पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यालय परिसर में पहुंचते ही पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड आफ आनर दिया। इस अवसर पर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर तथा सर्किल इंस्पेक्टर मु. सुजाउद्दीन ने डीआईजी को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद डीआईजी एसडीपीओ कार्यालय में पहुंचे।जहां अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की बैठक में उन्होंने थाना स्तर पर लंबित कांडों की एक-एक कर समीक्षा की और अनुसंधान में तेजी लाकर मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गंभीर मामलों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। वारंट एवं कुर्की-जब्ती की कार्रवाई तेज करने, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए नियमित वाहन चेकिंग व गश्ती बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

## 6220 पीस कोडिन सिरप के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार



**भागलपुर।** जिले के ईशाकचक थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 6220 पीस कोडिन युक्त सिरप बरामद किया है। यह कार्रवाई छटपटी पोखर बौंसी पुल के समीप की गई जहां गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। उक्त आशय की जानकारी बुधवार को सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि छत्रपति रोड किनारे स्थित एक गोदाम में भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडिन सिरप रखा गया है और उसे लाल ऑटो से सप्लाई करने की तैयारी चल रही है। सूचना मिलते ही ईशाकचक थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोदाम में छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 6220 पीस कोडिन युक्त सिरप जब्त किया और मौके से तीन आरोपियों मंटू कुमार, रवि कुमार और ब्रिज बिहारी यादव को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि इस अवैध नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है।

### गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के क्रम में मौत

**अररिया।** जिले के बौसी थाना क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल मिले युवक की इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते लड़की के परिजनों पर पिटाई कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मंगलवार शाम को नरपतगंज के डुमरिया वार्ड संख्या 12 निवासी संजय दास के 18 वर्षीय पुत्र अमर कुमार दास घायल अवस्था में मिला था,जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था ।लेकिन उनकी नाजुक हालत देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया था। हायर सेंटर भागलपुर ले जाने के क्रम में ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मृतक इंस्ट्राग्राम पर हुए प्यार में प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पहुंचा था, जहां परिजनों ने देख उसकी जमकर पिटाई कर दी थी और बेहोशी हालत में सड़क के किनारे झाड़ी में फेंक दिया था। मृतक नरपतगंज थाना क्षेत्र के डुमरिया वार्ड संख्या 12 निवासी संजय दास के 18 वर्षीय पुत्र अमर कुमार दास है,जो बीए पार्ट 2 का छात्र था और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा तथा तीन बहनों में इकलौता भाई था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार दोपहर को अमर एक हजार रुपये लेकर फारबिसगंज कॉलेज के लिए निकला था। जानकारी के अनुसार, अमर बौसी थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। जहां प्रेमिका के परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसे देख लिया। उन्होंने अमर को घेरकर जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय थाना पुलिस ने उसे तुरंत रानीगंज रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए अररिया सदर अस्पताल रेफर किया गया। अररिया सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए पूर्णिया रेफर कर दिया। पूर्णिया में भी स्थिति गंभीर बनी रहने पर उसे भागलपुर रेफर किया गया, लेकिन भागलपुर ले जाते समय रास्ते में ही अमर कुमार दास की मौत हो गई।

### समस्तीपुर में प्रशान्त किशोर की बैठक



**समस्तीपुर।** बिहार नवनिर्माण यात्रा के तहत जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर आज समस्तीपुर पहुंचे। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने जिन वादों और आश्वासनों के आधार पर चुनाव जीता है, उन्हें हर हाल में पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि सरकार अपने वादों को पूरा नहीं करती है तो जन सुराज आंदोलन करेगा और जनता के साथ मिलकर उन्हें सत्ता छोड़ने पर मजबूर करेगा। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए पीके ने असहमति जताई। उन्होंने कहा कि यदि किसी के साथ अन्याय होता है तो वह न्याय के लिए अदालत ही जाएगा। चुनाव जीतना या हारना अलग विषय है, लेकिन न्याय मांगना हर नागरिक का अधिकार है।

### गोदाम का ताला तोड़ लाखों की संपत्ति की चोरी

**अररिया।** शहर के व्यस्ततम इलाके अस्पताल रोड स्थित काली मेला मोड़ के समीप मेसर्स गंगा प्रसाद एंड संस के गोदाम में अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने पहले गोदाम का ताला तोड़ा और फिर लोहे का दरवाजा काटकर अंदर प्रवेश किया, जिसके बाद लाखों रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह उस समय हुई जब गोदाम खोला गया। दरवाजा कटा हुआ देख व्यवसायी और आसपास के लोग सन्न रह गए। अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और कई कीमती मोटर एवं लोहे के एंगल गायब थे। गोदाम के प्रोपराइटर चंदन भगत ने बताया कि चोर कुल पांच मोटर चुरा ले गए हैं। उन्होंने बताया कि चोरी गई मोटरों में एक मोटर की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। इसके अलावा लगभग दो लाख रुपये मूल्य का लोहे का एंगल भी गायब है। प्रथम दृष्टया कुल 8 से 10 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी का अनुमान लगाया जा रहा है। चंदन भगत ने बताया कि गोदाम पूरी तरह बंद था और रात में कोई असामान्य गतिविधि की जानकारी नहीं मिली। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने पहले रेकी की और फिर सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। अनि लक्ष्मण राम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की बारीकी से जांच की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा संभावित साक्ष्य जुटाए। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# बिहार में रास की दो सीटों के लिए हरिवंश या रामनाथ में किसे रिपीट करेगी जेडीयू

**तीसरी बार टिकट नहीं देने के नियम में फंस सकते हैं केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर**

एजेंसी

**पटना।** बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) प्रदेश की 5 सीटों के राज्यसभा चुनाव में दो सीट जीत सकती है और उसके दो ही सांसद अप्रैल में कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। एक राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और दूसरे केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर हैं। चर्चा है कि हरिवंश और रामनाथ ठाकुर में कोई एक ही वापस राज्यसभा लौटेगा, दूसरे को रिपीट करने का विचार नहीं है। नीतीश के मन-मिजाज और अति पिछड़ों की तरफ जेडीयू के राजनीतिक झुकाव को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि रामनाथ ठाकुर के तीसरी बार राज्यसभा पहुंचाया जा सकता है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर को नीतीश कुमार ने दिल्ली की राजनीति में भेजने से पहले भी मौका दिया था। रामनाथ संसदीय राजनीति तक पहुंचने और केंद्र में मंत्री बनने से पहले बिहार सरकार में नीतीश कैबिनेट के मंत्री रहे हैं। 2014 में पहली बार राज्यसभा पहुंचे रामनाथ ठाकुर का यह दूसरा कार्यकाल है। कुछेक अपवाद को छोड़ दें तो नीतीश की जेडीयू का रिकॉर्ड है कि विधानमंडल और संसद के उच्च सदन यानी विधान परिषद और राज्यसभा में आम तौर पर पार्टी किसी नेता को तीसरी बार नहीं भेजती है। तीसरी बार टिकट नहीं देने के नियम से रामनाथ ठाकुर फंस सकते हैं, लेकिन अति पिछड़ी जातियों की राजनीति नीतीश की सोशल इंजीनियरिंग का अहम हिस्सा रहा है। इस बात की संभावना है कि किंग महेंद्रा की तरह रामनाथ ठाकुर की स्पेशल केस के तौर पर लिए जाएं और तीसरी बार भेज दिए जाएं। रामनाथ ठाकुर के साथ नीतीश और पार्टी के सारे समीकरण पुराने जैसे हैं।

जेडीयू के दूसरे सांसद हरिवंश नारायण सिंह भी तीसरी राज्यसभा पारी के लिए नीतीश की ओर देख रहे हैं। राज्यसभा के उपसभापति पद तक पहुंचने वाले जेडीयू के पहले नेता हरिवंश पुराने जमाने के बड़े पत्रकार हैं। पूर्व पीएम चंद्रशेखर के मीडिया सलाहकार रहे हरिवंश 2018 से दो कार्यकाल में करीब 7 साल से राज्यसभा के उपसभापति हैं। नीतीश से हरिवंश की केमिस्ट्री बिगड़ने के संकेत तभी मिलने लगे थे, जब नीतीश एनडीए को छोड़कर 2022 में दूसरी बार महागठबंधन के साथ चले गए थे। जेडीयू में नेताओं का एक धड़ा हरिवंश को जदयू से ज्यादा बीजेपी का वफादार मानता है। नीतीश जेडीयू कोटे की 2 सीटों में एक सीट पर रामनाथ ठाकुर को रिपीट करते हैं या हरिवंश को, ये तो अगले कुछ दिनों में साफ हो जाएगा, लेकिन दूसरी सीट के संभावित कैंडिडेट के तौर पर मनीष वर्मा का नाम उभरा है। आरसीपी सिंह की ही तरह आईएएस अफसर रहे मनीष वर्मा भी नीतीश के भरोसेमंद करीबी हैं। मनीष जदयू के महासचिव हैं और पार्टी का जमीनी संचालन देखते हैं। कुछ लोग उन्हें नीतीश के उत्तराधिकारी के तौर पर भी देखते हैं। नीतीश के दूसरे भरोसेमंद संजय झा पहले से राज्यसभा में हैं और इस समय पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। चर्चा है कि संजय झा को बीजेपी की सहमति से उपसभापति का पद और मनीष वर्मा को राज्यसभा में मौका मिल सकता है।

# राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति

एजेंसी

**बुलढाणा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शिरगांव में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि संत गजानन महाराज की पावन भूमि पर स्वास्थ्य और जनकल्याण को समर्पित कार्यक्रम का उद्घाटन करना उनके लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा मेंआरोग्यं परमं सुखम् कहा गया है अर्थात अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा सुख है। राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी जैसी आयुष प्रणालियां केवल उपचार तक सीमित नहीं हैं बल्कि संतुलित आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग और ध्यान पर आधारित समग्र जीवनशैली ढांचा प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व यह समझ रहा है कि वास्तविक स्वास्थ्य शरीर और मन के संतुलन से ही संभव है।



महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आयुर्वेद को प्रकृति पर आधारित कालातीत वैज्ञानिक परंपरा बताया। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनि प्रथम शोधकर्ता थे, जिन्होंने पंचमहाभूतों पर आधारित शरीर विज्ञान की गहरी समझ विकसित की। उन्होंने गुणवत्ता, प्रामाणिकता और अनुसंधान को सुदृढ़ करने पर बल दिया। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने राष्ट्रीय आरोग्य मेले को भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों कामहाकुंभ बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल स्वास्थ्य शिविर नहीं बल्कि देश की समग्र स्वास्थ्य परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने आयुष पर्यटन की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत समग्र वेलनेस के क्षेत्र मेंविश्व का मुकुट बन सकता है। इससे रोजगार सृजन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और औषधीय पौधों की खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा ने कहा कि आरोग्य मेले जन-जागरूकता और प्रामाणिक आयुष पद्धतियों के प्रदर्शन का प्रभावी मंच हैं। मंत्रालय गुणवत्ता, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित चिकित्सकों को लाइफटाइम आयुर्वेदिक गौरव सम्मान प्रदान किया। सम्मानित होने वालों में वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा, वैद्य राकेश शर्मा, आशुतोष गुप्ता, मनीषा कोटकर, पीएम वैरियर और रामदास शामिल रहे। मेले में निःशुल्क परामर्श, औषधि वितरण, विशेषज्ञ व्याख्यान और औषधीय पौधों की खेती से जुड़े किसानों के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खड़से सहित अनेक जनप्रतिनिधि और आयुष विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## त्सोमगो झील के पास फंसे 2,700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया

**गंगटोक।** पूर्वी सिक्किम में मौजूद त्सोमगो झील (चांगू झील) के पास



भारी बर्फबारी के कारण फंसे 2,700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि शेराथांग और आसपास के ऊंचाई वाले इलाकों में तेज हिमपात से सड़कें पूरी तरह अवरुद्ध हुई थीं। हालात इतने खराब थे कि 15वें मील से त्सोमगो झील के बीच का संपर्क कट गया और कुल 541 पर्यटक वाहन बर्फ में फंस गए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इन वाहनों में सवार 2,736 पर्यटक कठिन परिस्थितियों में फंसे हुए थे। शून्य से नीचे तापमान (सब-जीरो) और कम दृश्यता के बीच राहत एवं बचाव दलों ने समन्वित अभियान चलाया। यह रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार देर रात तक जारी रहा। प्रशासन, पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से सभी वाहनों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और सभी पर्यटकों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। बर्फबारी इतनी तीव्र थी कि सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया था। कई स्थानों पर बर्फ की मोटी परत जमने से वाहन फिसल रहे थे और यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। ऐसे में राहत दलों ने प्राथमिकता के आधार पर पर्यटकों को सुरक्षित निकालने का काम किया।

## दिल्ली का नाम इंद्रप्रस्थ करने की मांग, भाजपा सांसद ने लिखा अमित शाह और रेखा गुप्ता को पत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। खंडेलवाल



ने बुधवार को अपने पत्र में कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक है और उसकी राष्ट्रीय राजधानी का नाम भी उसके गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिबिंबित करना चाहिए। उन्होंने एक अन्य पत्र में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से दिल्ली विधानसभा में दिल्ली का नाम इंद्रप्रस्थ करने के लिए एक प्रस्ताव पारित करने का अनुरोध किया है। खंडेलवाल ने कहा कि ऐतिहासिक साहित्य, पुरातात्विक साक्ष्य और दीर्घकालिक सभ्यतागत परंपराएं यह स्थापित करती हैं कि वर्तमान दिल्ली ही प्राचीन इंद्रप्रस्थ का स्थल है, जो पांडवों द्वारा स्थापित भव्य राजधानी थी, जैसा कि महाकाव्य महाभारत में वर्णित है। महाभारत में इंद्रप्रस्थ को यमुना नदी के तट पर बसा एक समृद्ध और भव्य नगर बताया गया है, जो आज की दिल्ली के भौगोलिक स्वरूप से पूरी तरह मेल खाता है। उन्होंने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा पुराना किला में की गई खुदाई में लगभग 1000 ईसा पूर्व के प्राचीन बसावट के प्रमाण मिले हैं, जिनमें पेंटेड ग्रे वेयर (पीजीडब्लू) संस्कृति के अवशेष भी शामिल हैं, जिन्हें महाभारत काल से जोड़ा जाता है। उनके अनुसार ये खोज इस ऐतिहासिक धारणा को मजबूत करती हैं कि प्राचीन इंद्रप्रस्थ इसी स्थान पर स्थित था जहां आज दिल्ली है।

## असम में युवती से हैवानियत, सात लोगों ने किया दुष्कर्म, 10 हजार ट्रांसफर करा लिए

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले से एक बेहद शर्मनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां सिलचर शहर के पास घूमने आई एक 28 वर्षीय युवती के साथ सात लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया।



आरोपियों ने न केवल इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया, बल्कि पीड़िता को डरा-धमकाकर जबरन पैसे भी वसूले। पुलिस ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह दर्दनाक घटना 19 फरवरी की है। पीड़िता उस समय अपने एक पुरुष मित्र के साथ सिलचर कस्बे से कुछ किलोमीटर दूर बाईपास रोड पर कार में मौजूद थी। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि उसी दौरान एक एसयूवी में सवार होकर कुछ लोग वहां पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले उनके निवास के बारे में पूछताछ की और फिर अचानक युवती और उसके मित्र को पकड़ लिया। आरोप है कि करीब सात पुरुषों ने पीड़िता के मित्र के सामने ही बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे धमकाकर उनमें से एक के बैंक खाते में 10,000 रुपये ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर अनिवार्य चिकित्सा परीक्षण कराया गया और उसका बयान दर्ज किया गया है। सिलचर सदर पुलिस थाना में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इनमें सामूहिक दुष्कर्म (धारा 70(1)), डकैती (धारा 310(2)), जान से मारने की धमकी देकर वसूली (धारा 308(5)), और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने (धारा 79) जैसी धाराएं शामिल हैं।

## मणिपुर में नष्ट की गई आठ एकड़ अफीम की खेती

**इंफाल।** मणिपुर में मादक पदार्थ एवं अफीम की खेती के विरूद्ध लगातार पुलिस एवं वन विभाग संयुक्त रूप से अभियान चला रही है। वहीं सड़कों पर वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील इलाकों में नाका एवं चेक प्वाइंट लगाए जा रहे हैं। मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को बताया कि सुरक्षा बल, वन विभाग और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम ने मंगलवार को सेनापति जिले के सेनापति थानांतर्गत सदीम पहाड़ी क्षेत्र में लगभग आठ एकड़ अफीम की खेती नष्ट कर दी। मौके पर पाए गए दो अस्थायी झोपड़े, सिंचाई के पाइप, एक स्प्रे पंप और एक पानी का कंटेनर भी नष्ट कर दिए गए। हालांकि, इस संबंध में किसी की भी गिरफ्तार नहीं हो रही है। दूर-दराज के पहाड़ी क्षेत्र में की जाने वाली अवैध अफीम की खेती के विरूद्ध पिछले तीन वर्षों से पुलिस एवं वन विभाग का व्यापक अभियान जारी है। माना जा रहा है कि हजारों एकड़ अफीम की खेती को अब तक नष्ट किया गया है। वहीं दूसरी ओर, सुरक्षा बल जिले के सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान और क्षेत्रीय प्रभुत्व बनाए रखने का कार्य जारी रखे हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप हथियार और गोलाबारी बरामद की गई है। मणिपुर के विभिन्न जिलों में, पहाड़ी और मैदानों दोनों इलाकों में बीते मंगलवार को कुल 115 नाका एवं चेकपोस्ट लगाए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु के भाकपा नेता नल्लाकन्नू का 101 वर्ष की आयु में निधन

**चेन्नई।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और तमिलनाडु में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के वरिष्ठ नेता आर. नल्लाकन्नू का बुधवार को यहां के राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में निधन हो गया। वे 101 वर्ष के थे और लंबे समय से उम्रजनित बीमारियों से जूझ रहे थे। अस्पताल के बयान के अनुसार उन्हें एक फरवरी को गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था।



विशेषज्ञों की निगरानी में इलाज के बावजूद उनकी सेहत में सुधार नहीं हो पाया और हालत लगातार गंभीर बनी रही। उन्होंने आज दोपहर 1:55 बजे अंतिम सांस ली। कॉमरेड आरएनके के नाम से चर्चित नल्लाकन्नू ने करीब आठ दशक तक सक्रिय राजनीति में रहते हुए सादगी, ईमानदारी और नि:स्वार्थ सेवा की मिसाल पेश की। उनका जन्म 26 दिसंबर 1925 को तूतीकोरिन (अब थूथुकुडी) जिले के ग्राम पेरुम्पाथु में हुआ था।

### निर्वाचन आयोग के संकेत : अंतिम मतदाता सूची से पहले भी हो सकती है चुनाव तिथियों की घोषणा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने संकेत दिया है कि अंतिम और पूर्ण मतदाता सूची प्रकाशित होने से पहले भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जा सकती है, बशर्ते कि उच्चतम न्यायालय के निदेर्शों का पालन किया जाए। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, नामांकन की अंतिम तिथि तक प्रकाशित सभी मतदाता सूचियों को चुनाव प्रक्रिया के लिए मान्य माना जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि अंतिम मतदाता सूची चरणबद्ध तरीके से प्रकाशित हो रही हो, तब भी उपलब्ध सूचियों के आधार पर चुनाव संपन्न कराए जा सकते हैं। राज्य में अब तक प्रारूप मतदाता सूची से 58 लाख से अधिक नाम हटाए जा चुके हैं। हालांकि, अंतिम सूची शुक्रवार को प्रकाशित की जानी है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि हटाए गए नामों की समेकित गणना तत्काल संभव नहीं होगी। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार, 28 फरवरी के बाद भी आयोग चरणबद्ध तरीके से सूचियां प्रकाशित कर सकेगा और उन्हें अंतिम सूची का हिस्सा माना जाएगा। सभी चरणों की सूचियों को एक साथ जोड़ने के बाद ही कुल विलोपन का आकलन किया जाएगा।

### 100 साल पुराने रेस्तरां वीरास्वामी को बचाने की मांग बकिंघम पैलेस पहुंची

**लंदन, एजेंसी।** लंदन के प्रसिद्ध भारतीय रेस्तरां वीरास्वामी को बंद होने से बचाने की मांग अब बकिंघम पैलेस तक पहुंच गई है। 20 हजार से अधिक लोगों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर कर किंग चार्ल्स तृतीय से हस्तक्षेप की अपील की है। रेस्तरां के कर्मचारी और समर्थक पैलेस के बाहर इकट्ठा हुए और अपनी मांग रखी। याचिका की एक प्रति क्राउन एस्टेट को भी सौंपी गई, जो रीजेंट स्ट्रीट स्थित विक्ट्री हाउस इमारत का मालिक है। इसी इमारत में वीरास्वामी पिछले करीब 100 साल से संचालित हो रहा है। प्रबंधन का कहना है कि रेस्तरां मार्च 1926 में शुरू हुआ था और यह भारत-ब्रिटेन सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक बन चुका है। यहां कई प्रसिद्ध हस्तियां भोजन कर चुकी हैं। क्राउन एस्टेट का कहना है कि इमारत में बड़े स्तर पर मरम्मत की जरूरत है और जगह का उपयोग कार्यालय के रूप में किया जाएगा। रेस्तरां संचालित करने वाली कंपनी ने अपने किरायेदारी अधिकार बचाने के लिए कानूनी कदम उठाए हैं। मामले में अंतिम फैसला जुलाई 2026 तक आने की उम्मीद है।

## टोक्यो में यूपी निवेश रोड शो में इंडस्ट्री लीडर्स ने कहा-

# योगी सरकार ने बना दिया यूपी को निवेश का सबसे भरोसेमंद गंतव्य

**यूपी में मेगा ट्रांसफॉर्मेशन से उद्योगों का बढ़ा भरोसा**

**मिंडा ने इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रिक व्हीकल मोबिलिटी में निवेश का किया ऐलान**

एजेंसी



**लखनऊ/टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित यूपी निवेश रोड शो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन से पहले देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश को भारत का उभरता औद्योगिक ग्रोथ इंजन बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में राज्य में पिछले नौ वर्षों में व्यापक परिवर्तन हुआ है, जिसने यूपी को निवेश के लिए सबसे भरोसेमंद गंतव्य बना दिया है। मारुति सुजुकी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (कॉरपोरेट अफेयर्स) राहुल भारती ने कहा कि लगभग नौ वर्ष पहले तक उत्तर प्रदेश मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के लिए आकर्षक नहीं माना जाता था, लेकिन नई सरकार के गठन के बाद राज्य में मेगा ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिला।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने यूपी को हर क्षेत्र में नंबर-वन बनाने का लक्ष्य रखा और कुछ ही वर्षों में उसके परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे। आज उत्तर प्रदेश राजस्व, वित्तीय अनुशासन, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, कृषि उत्पादन, पौधरोपण, एथेनॉल उत्पादन, हैंडीक्राफ्ट निर्यात और पर्यटन जैसे अनेक क्षेत्रों में अग्रणी है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इलेक्ट्रिक और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहन नीति के कारण यूपी देश में ईवी तथा हाइब्रिड वाहनों की वृद्धि दर में शीर्ष राज्य बन गया है। महत्वपूर्ण बात यह रही कि यह उपलब्धि सरकारी राजस्व में कमी लाए बिना हासिल हुई, बल्कि राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई। राहुल भारती ने यूपी की नीति व्यवस्था कोवाइब्रेंट पॉलिसी इकोसिस्टम बताते हुए कहा कि मजबूत कानून-व्यवस्था, तेज निर्णय क्षमता और त्वरित क्रियान्वयन उद्योगों के लिए भरोसेमंद वातावरण तैयार करते हैं। सुब्रोस और स्पार्क मिंडा जैसी ऑटो कंपोनेंट कंपनियां यूपी में सक्रिय हैं, जिससे राज्य का ऑटोमोबाइल इकोसिस्टम मजबूत हुआ है।

**स्केल, स्पीड और स्टेबिलिटी का प्रतीक बना यूपी : आकाश मिंडा**

रोड शो में मिंडा कोऑपरेशन लि. के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आकाश मिंडा ने कहा कि आज का उत्तर प्रदेश स्केल, स्पीड और स्टेबिलिटी का सशक्त उदाहरण है। आधुनिक एक्सप्रेसवे, फ्रेट कॉरिडोर, औद्योगिक हब और प्रो-एक्टिव नीतियों के माध्यम से राज्य मजबूत मैन्युफैक्चरिंग आधार तैयार कर रहा है। उत्तर प्रदेश भारत के सबसे बड़े कार्यबल और तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजार तक सीधी पहुंच देता है, इसलिए जापानी कंपनियों के लिए यह केवल एक स्थान नहीं, बल्कि दीर्घकालिक औद्योगिक सफलता का लॉन्च पैड है। आकाश मिंडा ने बताया कि स्पार्क मिंडा की यूपी में 14 से अधिक विनिर्माण इकाइयां संचालित हैं, जहां 6000 से अधिक लोग कार्यरत हैं, जिनमें 500 से अधिक दिव्यांगजन शामिल हैं।

# अमेरिकी संसद में ट्रम्प फिर बोले- भारत-पाक युद्ध मैंने ही रुकवाया

**गाजा सीजफायर को जीत बताया, ईरान पर 32000 प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप**

एजेंसी



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरूआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को स्टेट ऑफ द यूनियनइ स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया। साथ ही 28 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया। अपने भाषण में ट्रम्प ने इजराइल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया। ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं और वे ऐसी मिसाइलें बनाने पर काम कर रहे हैं जो जल्द ही अमेरिका तक पहुंच जाएंगी।

दावाः भारत-पाकिस्तान जंग में 3.5 करोड़ मौतें रोकीं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है। ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार की तरफ से धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ाईइ की लीडरशिप अब उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि ईरान ऐसी मिसाइल डेवलप कर रहा है जो अमेरिका तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं और वे ऐसी मिसाइलें बनाने पर काम कर रहे हैं जो जल्द ही अमेरिका तक पहुंच जाएंगी।

## अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द, 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुई, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20' था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए। न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लॉन्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी।

# पीएम मोदी के वोकल फॉर लोकल मंत्र से गुजरात में स्वदेशी मेलों की धूम

**152 नगर पालिकाओं में आयोजन 1500+ स्टॉल, लाखों की बिक्री से स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति**

एजेंसी




**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए वोकल फॉर लोकल मंत्र का अनुकरण करते हुए देश के नागरिकों का स्वदेशी उत्पाद अपनाने का आान किया है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ग्रामीण एवं शहरी कारीगरों, हस्तकलाकारों तथा छोटे उद्योगों को समर्थन देने के लिए अनेक नई पहलें की हैं। गुजरात आत्मनिर्भर यात्रा, जी-मैत्री योजना, महिला उद्योग सहायता योजना जैसे कार्यक्रमों द्वारा राज्य में स्वदेशी उत्पादों को नई ऊर्जा मिल रही है। इसके अतिरिक्त; शहरी विकास एवं शहरी गृह निर्माण विभाग अंतर्गत गुजरात शहरी आजीविका मिशन द्वारा स्वदेशी मेलों (शॉपिंग फेस्टिवल) का राज्यव्यापी आयोजन किया जा रहा है; जिनके माध्यम से स्थानीय कारीगरों, स्वयंसहायता समूहों तथा छोटे व्यापारियों को एक मजबूत प्लेटफॉर्म मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष दशहरा से दीपावली के दौरान राज्य के 16 शहरों में प्लास्टिक फ्री स्वदेशी फेस्टिवल का सफल आयोजन किया गया था। इन मेलों में 40.50 लाख से अधिक लोग आए थे और 10 करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री दर्ज हुई थी। इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए अब राज्य के सभी नगर पालिका क्षेत्रों में स्वदेशी मेलों (शॉपिंग फेस्टिवल) का आयोजन किया गया है; जिनके द्वारा स्वयंसहायता समूहों (एसएचजी), स्थानीय कारीगरों, कलाकारों तथा छोटे व्यापारियों को अपने स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित करने व बेचने का उत्तम अवसर मिलेगा। 15 मार्च, 2026 तक राज्य के सभी 152 नगर पालिका क्षेत्रों में स्वदेशी मेलों का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के तहत 1500 से अधिक स्टॉल स्वयंसहायता समूहों को आवंटित किए गए हैं, जबकि स्ट्रीट वेंडर्स को 1400 से अधिक स्टॉल दिए गए हैं। खान-पान के 1500 स्टॉल तैयार किए जा रहे हैं और अन्य कारीगरों को अपने स्वदेशी उत्पादों की बिक्री करने के लिए 1650 से अधिक स्टॉल आवंटित किए गए हैं।

## हसीना की दहाड़, कहा- जल्द बांग्लादेश लौटेंगे और सड़कों पर संघर्ष भी करेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने महीनों की खामोशी के बाद एक ऐसा कदम उठाया है जिसने ढाका के सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। जुलाई 2024 के तख्तापलट और हिंसक विद्रोह के बाद भारत में शरण लेने वाली शेख हसीना ने अब अपने वतन लौटने की तैयारी का स्पष्ट संकेत दे दिया है। दिल्ली से अपनी पार्टी, आवामी लीग के नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद करते हुए उन्होंने कार्यकताओं और पदाधिकारियों से मानसिक और शारीरिक रूप से संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा, बोरिया-बिस्तर बांध लो, अब देश लौटने और मैदान में उतरने का वक्त आ गया है।



शेख हसीना का यह बयान ऐसे समय में आया है जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन पर कई गंभीर मुकदमे दर्ज किए हैं और उनकी पार्टी पर कई तरह की पाबंदियां लगा दी गई हैं। दिल्ली में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान हसीना ने न केवल अपनी वापसी का संकल्प दोहराया, बल्कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की वैधता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने अपनी पार्टी पर लगाए गए प्रतिबंधों को पूरी तरह अवैध करार देते हुए कहा कि जो सरकार खुद गैर-कानूनी तरीके से सत्ता में आई है, उसके आदेशों का कोई संवैधानिक महत्व नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आवामी लीग पर से प्रतिबंध नहीं हटाया गया, तो पार्टी अपनी रणनीति खुद तय करेगी और कड़े कदम उठाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री ने हाल ही में बांग्लादेश में संपन्न हुए चुनावों को सिरे से खारिज करते हुए इसे एक मजाक करार दिया। उन्होंने दावा किया कि जनता ने बड़े पैमाने पर वोटिंग का बहिष्कार किया था और प्रशासन द्वारा जारी किए गए 60 प्रतिशत मतदान के आंकड़े पूरी तरह फर्जी हैं।

# एफटीए से इलेक्ट्रिक वाहन निर्यातकों के लिए खुलेंगे नये बाजार : कुमारस्वामी

**कहा - इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए सबसे असरदार उपायों पर विचार कर रही सरकार**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार संधियों (एफटीए) से देश के इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ताओं के लिए नये बाजार खुलेंगे और भारत इस क्षेत्र में विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सिर्फ एक जलवायु पहल नहीं है, बल्कि यह एक औद्योगिक रणनीति है, जिसमें मजबूत उत्पादन का मौका और आपूर्ति-श्रृंखला रीकैलिब्रेशन है। नई दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों पर उद्योग संगठन भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग



महासंघ (फिक्की) के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए एचडी कुमारस्वामी ने उद्योग से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और इसके मूल्य श्रृंखला निर्यात का फायदा उठाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन में खुद को ग्लोबल लीडर के तौर पर स्थापित कर सकता है। मंत्री ने आगे कहा कि यह आज की चुनौतियों को हल करते हुए भविष्य की इंडस्ट्रीज बनाने के बारे में है। भारी उद्योग और स्टील मंत्री ने कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बदलाव प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के विजन और 2070 तक नेट जीरो हासिल करने के प्रतिबद्धता के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि साफ नीतियां, दिशा और मजबूत उद्योग भागीदारी के साथ भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी उत्पादन और नवाचार के लिए एक अग्रणी वैश्विक केंद्र के तौर पर खुद को मजबूती से स्थापित कर सकता है।

## कार की सवारी होगी महंगी, छोटी कारों के दाम 10 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छोटी कारें बनाने वाली कंपनियों के लिए आने वाले दिन मुश्किल भरे हो सकते हैं। अगर ईंधन की बचत और प्रदूषण कम करने से जुड़ाकैफे-3 का नया ड्राफ्ट लागू होता है, तो छोटी कारों को बनाना और बेचना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, अलग-अलग मंत्रालय नियमों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पिछले दो सालों में कैफे-3 का यह तीसरा ड्राफ्ट है। जानकारों का




कहना है कि अगर कार कंपनियां नए नियमों की वजह से छोटी कारें बनाने में कम दिलचस्पी लेंगी, तो इससे उन लोगों को झटका लगेगा जो टू-व्हीलर से कार पर शिफ्ट होना चाहते हैं। इंडस्ट्री के जानकारों का मानना है कि कैफे-3 लागू होने के बाद नई कारों की लागत करीब 10 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। कंपनियों को नए नियमों पर खरा उतरने के लिए या तो गाड़ियों में ईंधन बचाने वाली महंगी तकनीक लगानी होगी या फिर भारी जुर्माना भरना होगा। पीएमओ को भेजी गई सिफारिशें प्रस्तावित दिशानिर्देशों के अनुसार, ईवीएस या रेंज-एक्सटेंडर हाइब्रिड ईवीएस बेचने वालों को तीन सुपर क्रेडिट मिलेंगे, जबकि पेट्रोल-डीजल गाड़ियां बेचने वालों को एक पॉइंट मिलेगा। सभी कारों का औसत माइलेज कितना होना चाहिए। वे कितना कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ सकती हैं। कैफे -3 के नए ड्राफ्ट (जो अभी तक जारी नहीं हुआ है) के मुताबिक, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी ने छोटी कार बनाने वाली कंपनियों को मिलने वाली एक्स्ट्रा छूट या राहत को खत्म करने का प्रस्ताव दिया है।

**अरबपतियों की लिस्ट में उथल-पुथल**

## 200 अरब डॉलर से अब बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। टॉप-10 अमीरों में से 7 अरबपतियों की इस साल दौलत में सेंध लग गई है। वहीं, 200 अरब डॉलर क्लब भी अब और छोटा हो गया है। इसमें से एक और मेंबर बाहर हो गया है। दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। टॉप-10 अमीरों में से 7 अरबपतियों की इस साल दौलत में सेंध लग



गई है। वहीं, 200 अरब डॉलर क्लब भी अब और छोटा हो गया है। इसमें से एक और मेंबर बाहर हो गया है। सोमवार को टेक जाइंट्स टॉप-6 अरबपतियों की दौलत करीब 30 अरब डॉलर से अधिक कम हो गई। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजा रैंकिंग में एलन मस्क, लैरी पेज, सग्री ब्रिन, मार्क जुकरबर्ग, जेफ बेजोस और लैरी एलिसन की दौलत में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को 8.60 अरब डॉलर का झटका लगा और उनकी दौलत अब 664 अरब डॉलर रह गई है। लैरी पेज 2.55 अरब डॉलर गंवाए, हालांकि, वह 268 अरब डॉलर के साथ दुनिया के दूसरे सबसे रईस हैं। तीसरे नंबर पर काबिज सर्गी ब्रिन को भी 2.34 अरब डॉलर की चोट पहुंची है। उनका नेटवर्थ अब 249 अरब डॉलर है। जेफ बेजोस को 4.10 अरब डॉलर का झटका लगा। अब वह 232 अरब डॉलर के साथ दुनिया के चौथे सबसे रईस हैं। मार्क जुकरबर्ग 226 अरब डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर हैं। इन्हें 6.26 अरब डॉलर की चोट पहुंची है।

## उतार-चढ़ाव के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ सपाट बंद हुए। सेंसेक्स में 50 अंकों, जबकि निफ्टी में 58 अंकों की तेजी दर्ज की गई। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 731.99 अंक चढ़कर 82,957.91 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 57.85 अंक यानी 0.23 फीसदी चढ़कर 25,482.50 के स्तर पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 50.15 अंक यानी 0.061 फीसदी उछलकर 82,276.07 के स्तर पर बंद हुआ। 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और टेक महिंद्रा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोट्र्स और इटर्नल (जोमैटो) के शेयर गिरावट में रहे। एशिया के अन्य शेयर बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग उल्लेखनीय बढ़त के साथ बंद हुए। इसके साथ ही यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र के दौरान सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। वहीं, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.14 फीसदी गिरकर 70.67 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। इसके अलावा अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 90.95 (अस्थायी) पर स्थिर रहा। एक दिन पहले मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 फीसदी टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ।

## वॉल स्ट्रीट में मचा हाहाकार डाऊ जोंस 821 अंक लुढ़का

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी शेयर बाजार में सोमवार को हाहाकार मच गया। सूचकांकों में सोमवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। एसएंडपी 500 में 1 प्रतिशत की गिरावट आई, डाऊ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 1.7 प्रतिशत टूट गया, और नैस्डैक कंपोजिट 1.1 प्रतिशत फिसल गया। एसएंडपी 500 71.76 अंक गिरकर 6,837.75 पर आ गया। वॉल स्ट्रीट में हाहाकार, डाऊ जोंस 821 अंक लुढ़का, आज दलाल स्ट्रीट पर पड़ सकता है असर अमेरिकी शेयर बाजार में सोमवार को हाहाकार मच गया। सूचकांकों में सोमवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। एसएंडपी 500 में 1 प्रतिशत की गिरावट आई, डाऊ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 1.7 प्रतिशत टूट गया, और नैस्डैक कंपोजिट 1.1 प्रतिशत फिसल गया। एसएंडपी 500 71.76 अंक गिरकर 6,837.75 पर आ गया। डाऊ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 821.91 अंक लुढ़ककर 48,804.06 पर बंद हुआ, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 258.80 अंक की गिरावट के साथ 22,627.27 पर आ गया। गिरावट के इस तूफान का असर आज भारतीय शेयर मार्केट यानी दलाल स्ट्रीट पर देखने को मिल सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को घोषणा की कि वह अन्य देशों पर अस्थायी रूप से 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद शुक्रवार को उन्होंने जो 10 प्रतिशत टैरिफ की दर तय की थी, अब यह उससे अधिक है। यह फैसला दुनिया भर से होने वाले आयात पर लगने वाले उनके व्यापक पारस्परिक करों को खत्म करने के संबंध में आया है।

**किन क्षेत्रों में रही सबसे ज्यादा मार:** एसएंडपी 500 के 11 प्रमुख सेक्टर में सबसे अधिक गिरावट फाइनेंस में देखने को मिली, जबकि उपभोक्ता स्टेपल्स (दैनिक उपयोग की वस्तुएं) में सबसे अधिक बढ़त दर्ज की गई। हेल्थ सर्विस इंडेक्स में तेजी रही, जिसे एली लिली कंपनी से मदद मिली। यह तेजी तब आई जब प्रतिद्वंद्वी कंपनी नोवो नॉर्डिस्क की मोटापा रोधी दवा का प्रदर्शन एली लिली की दवा के मुकाबले कमतर पाया गया।

## पीएम सूर्य घर योजना से 30 लाख घर रोशन

**बिजली बिल में राहत; प्रधानमंत्री मोदी ने भी सराहा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 लाख घरों में रूफटॉप सोलर लगाने की उपलब्धि को भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा का बड़ा कदम बताया। पीएम सूर्य घर योजना के तहत परिवारों को बिजली बिल में राहत मिल रही है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ रही है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश में 30 लाख घरों में रूफटॉप सोलर लगाने की उपलब्धि को भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा का बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों को बधाई दी और इसे बचत, स्थिरता और आत्मनिर्भरता से जुड़ा जनआंदोलन बताया। प्रधानमंत्री ने





सोशल मीडिया पर लिखा कि रूफटॉप सोलर अपनाने वाले परिवारों ने न केवल अपने बिजली बिल में कमी लाई है, बल्कि देश को हरित ऊर्जा की ओर आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह योजना ऊर्जा सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और भविष्य के लिए तैयार भारत बनाने की सरकार की सोच का हिस्सा है।

**30 लाख घरों तक पहुंची योजना**

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब तक 30 लाख घरों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। उन्होंने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। जोशी ने कहा कि यह कदम सूरज की रोशनी को बचत और सतत विकास में बदलने का उदाहरण है। इससे बिजली बिल कम हो रहे हैं और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हो रही है।

सरकार का दावा है कि रूफटॉप सोलर से आम परिवारों को सीधा फायदा मिल रहा है। बिजली खर्च में कमी के साथ अतिरिक्त बिजली ग्रिड को बेचने का भी विकल्प मिलता है। इससे परिवारों की आय में भी बढ़ोतरी हो सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना लोगों को आत्मनिर्भर बना रही है और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रही है। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहे हरित परिवर्तन की गति को दर्शाती है। सरकार का लक्ष्य देश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों पर निर्भरता घटाकर सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## मिस-सेलिंग पर वित्त मंत्री ने दी चेतावनी बीमा एजेंट ना बनें बैंक, काम पर ध्यान दें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों द्वारा गलत जानकारी के साथ बेची जा रही बीमा पॉलिसी व अन्य उत्पादों पर कड़ी चेतावनी दी है। कहा कि, जरूरत न होने के बावजूद भी ग्राहकों को बीमा बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं, जबकि उनका मुख्य कार्य बैंकिंग सेवाएं देना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों द्वारा गलत जानकारी के साथ बेची जा रही बीमा पॉलिसी व अन्य उत्पादों पर कड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि बैंकों का मूल कार्य जमा (धनराशि) जुटाने और ऋण देने है और बैंक उसी पर ध्यान केंद्रित करें। सोमवार को बजट के बाद भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक जरूरत न होने के



बावजूद भी ग्राहकों को बीमा बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं जबकि उनका मुख्य कार्य बैंकिंग सेवाएं देना है। उन्होंने कहा कि मिस-सेलिंग लंबे समय से चिंता का विषय रही है और अब इस पर सख्ती जरूरी है। कई मामलों में ग्राहकों के पास पहले से बीमा पॉलिसी होती है, लेकिन उसके बावजूद बैंक उन पर नई बीमा पॉलिसी लेने का दबाव बनाते हैं। खासकर होम लोन लेते समय ग्राहकों से अतिरिक्त बीमा लेने को कहा जाता है, जबकि संपत्ति पहले से ही गिरवी होती है। ऐसे में नियामक की जिम्मेदारी स्पष्ट न होने के कारण ग्राहकों को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि बैंकों को ग्राहकों की जरूरत समझने, जमा बढ़ाने और जिम्मेदारी के साथ ऋण देने पर ध्यान देना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली को अधिक मानवीय और ग्राहक-केंद्रित बनाने की आवश्यकता है। मौजूदा समय में बैंकों ने ग्राहकों के साथ संबंध मजबूत करने और उनकी वित्तीय जरूरतों को समझने की मूल कार्य दूरी बना ली है, जिससे ग्राहकों में असंतोष बढ़ा है। बैंक अपने कम लागत वाले जमा यानी (करंट अकाउंट सेविंग अकाउंट) को मजबूत करने पर जोर दें और ग्राहक केंद्रित सेवाएं विकसित करें।

## जल्द लौटाई जाएगी 7.11 लाख निष्क्रिय पीएफ खातों में पड़ी राशि; बंद होंगे 31.86 लाख खाते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रम मंत्रालय ने 7.11 लाख निष्क्रिय पीएफ खातों में फंसी 30.52 करोड़ रुपये खाताधारकों या वारिसों को जल्द लौटाने का निर्णय लिया। 31.86 लाख निष्क्रिय खातों को बंद किया जाएगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 7.11 लाख निष्क्रिय खातों में फंसे 30.52 करोड़ रुपये जल्द संबंधित खाताधारकों या उनके कानूनी वारिसों को लौटाए जाएंगे। श्रम मंत्रालय का यह फैसला ऐसे 31.86 लाख खातों को बंद करने की पहल का हिस्सा है, जो मौजूदा समय में निष्क्रिय पड़े हैं। मंत्रालय के मुताबिक इनमें कुछ खाते 20 साल तक पुराने हैं, जिनमें तीन साल से कोई लेनदेन नहीं हुआ। मंत्रालय ने बताया कि निष्क्रिय खातों को बंद करने के पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अभी ऐसे सात लाख खातों को चुना गया है, जिनमें शून्य से 1,000 रुपये तक राशि जमा है और ये आधार से जुड़े हैं। लिहाजा, ईपीएफओ सीधे उनके खाते में यह पैसे ट्रांसफर कर देगा। इन खातों में 30.52 करोड़ रुपये जमा हैं। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर बाकी खातों में भी इसी तरह से पैसे लौटा दिए जाएंगे। निजी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए भविष्य निधि एक अनिवार्य सरकारी योजना है। इसमें प्रत्येक कर्मचारी मूल वेतन का 12 फीसदी हिस्सा डालता है, जबकि नियोक्ता की ओर से भी उतना ही योगदान दिया जाता है।लेकिन, जब खाते में तीन साल तक कोई लेनदेन नहीं होता तो यह निष्क्रिय खाते में तब्दील हो जाता है।श्रम मंत्रालय अब ऐसे खातों को अब बंद करने की ओर बढ़ रहा है। ईपीएफओ में करीब 31.86 लाख निष्क्रिय पीएफ खाते हैं, जिनमें कुल 10,903 करोड़ रुपये जमा हैं।

# पीएम गतिशक्ति : एनपीजी की बैठक में रेल, मेट्रो और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स की हुई समीक्षा

**पीएम गतिशक्ति के तहत नेटवर्क योजना समूह की 109वीं बैठक संपन्न**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया - नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की 109वीं बैठक उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में हुई**

**अवसंरचना परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए बुलाई गई थी बैठक**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को लेकर हुई एक बैठक में मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में दो रेलवे परियोजनाओं, एक मेट्रो परियोजना और एक हवाई अड्डा परियोजना का मूल्यांकन किया गया। इन परियोजनाओं से लॉजिस्टिक्स लागत कम होने, यात्रा समय घटने और परियोजना क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की 109वीं बैठक उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में हुई। यह बैठक अवसंरचना परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए बुलाई गई थी। इस बैठक में प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। इसमें बताया गया कि रेल मंत्रालय ने पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर राज्यों से होकर गुजरने वाली 210.750 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन का निर्माण प्रस्तावित किया है। प्रस्तावित मार्ग में 27 स्टेशन होंगे। यह जालंधर, होशियारपुर, कांगड़ा, पठानकोट, कठुआ और सांबा जैसे प्रमुख जिलों से होकर गुजरेगी। इस परियोजना का उद्देश्य इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कॉरिडोर पर रेल क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना और कनेक्टिविटी को मजबूत करना है।

इसके अलावा रेल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्यों में मानिकपुर और इटारसी के बीच 518.532 किलोमीटर की तीसरी रेल लाइन के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। प्रस्तावित मार्ग चित्रकूट, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर और नर्मदापुरम जैसे प्रमुख जिलों से होकर गुजरता है, जिससे उत्तरी और मध्य भारत को जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण गलियारे पर रेल संपर्क मजबूत होता है। प्रस्तावित तीसरी रेल लाइन से परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने, नेटवर्क की मजबूती में सुधार होने और बढ़ती यातायात मांग को पूरा करने तथा भीड़भाड़ को कम करने के लिए अतिरिक्त रेल सेवाओं की शुरूआत होने की उम्मीद है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-27 के निकट रणनीतिक रूप से स्थित असम में सिलचर जिले के डोलू में एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के विकास का प्रस्ताव रखा है। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करना और आधुनिक विमानन अवसंरचना तथा बेहतर क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय संपर्क प्रदान करके मौजूदा नागरिक एन्क्लेव की क्षमता संबंधी सीमाओं का समाधान करना है। इसके अलावा आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने गुजरात में सूरत मेट्रो कॉरिडोर क्क (प्रथम चरण) का सरौली से मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर तक विस्तार प्रस्तावित किया है। 4.4 किलोमीटर लंबे इस एलिवेटेड विस्तार में तीन स्टेशन शामिल हैं, जिनमें दो भावी स्टेशनों का भी प्रावधान है। इसका उद्देश्य शहरी परिवहन को बढ़ावा देना और सूरत को क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क से जोड़ना है।



### लेखन



रामदेव बड़ाईक, रांची

नित नावां लेखन में,
नावां चेतना,
कहां से उपजेला, ज्ञान एतना।

देखु भरल आहे कहनी,
कबिता कतना,
लेखक - कवि, मनकर गहना।

नित नावां लेखन में,
नावां संचार,
सब्द - सब्द में, नावां उदगार।

झरेला नित लेखनी में,
नावां बिचार,
पांइत-पांइत में,जीवन कर सार।

रहेला नावां लेखन में,
आत्मा कर अनुभूति,
भाव से भरल सुंदर, दिब्य विभूति।

# भारत रनभूमि दरसन अभियान में सेना प्रमुख करलयं ध्वजारोहन

**अभियान कर नेतृत्व भारतीय सेना कर तोपखाना रेजिमेंट करलक**

**सोनू सपवार**





**नई दिल्ली।** सेना परमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी नई दिल्ली इस्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में बिसिस्ट नागरिक आउर रछा गनमान्य बेक्तिमन कर उपस्थिति में भारत रनभूमि दरसन अभियान के झंडी देखाय के बुधवार के रवाना करलयं। ई अभियान कर नेतृत्व भारतीय सेना कर तोपखाना रेजिमेंट करलक। सेना परमुख ई अवसर में इकर रास्ट्रीय महत्वता आउर रननीतिक पहुंच कर सराहना करलयं।

सेना परमुख ई बात उपरे जोर देलयं कि अइसन प्रयास भारत कर समरिध बिरासत के संरछित करयंना। बर्तमान आउर भावी पीढ़िमन के रास्ट्र सेवा कर सर्वोच्च आदर्स के बनाए राखेक ले प्रेरित करयंना। ई अभियान रनभूमि दरसन पहल के भी बढ़ावा देलक। ऐतिहासिक रूप से महतपूर्न जुद्धछेतर आउर सीमावर्ती छेतर में रास्ट्रीय ध्यान आकरसित करलयं, जे भारत कर सुरछा रननीति कर आधार आहे।

गुजरात कर तटीय सहर द्वारका से 3 फरवरी 2026 के सुरु भेलक 3,400 किलोमीटर लंबा एसयूवी जात्रा गुजरात आउर राजस्थान कर परमुख जुद्धछेतर आउर अग्रिम छेतर के पार करलक, जेकर में कच्छ कर रन आउर थार रेगिस्तान भी सामिल रहे। अंत में ई जात्रा नई दिल्ली कर रास्ट्रीय जुद्ध स्मारक में सिरालक। ई जात्रा डहर में द्वारका, भुज, कच्छ कर रन, मुनाबाओ, गडरा, लोंगेवाला, जैसलमेर, बीकानेर, अंबाला आउर नई दिल्ली सामिल रहे।

ई जात्रा सीमावर्ती डहर आउर पगडंडीमन से गुजरलक, जेकर से दूरस्थ सीमावर्ती छेतर में बेहतर कनेक्टिविटी कर परदरसन भेलक आउर परिचालन तत्परता आउर आम नागरिकमन कर पहुंच दुईयों के सुगम बनायेक वाला उन्नत बुनियादी ढांचा के रेखांकित करल गेलक।

35 सदस्यीय दल में तोपखाना रेजिमेंट कर तोपची, भारतीय नौसेना आउर सीमा सुरछा बल कर जवान सामिल रहयं। ई अभियान सीमावर्ती छेतर तक पहुंच आउर रास्ट्रीय एकता कर रास्ट्रीय दृष्टि कर अनुरूप रहे। गोटा जात्रा कर दौरान, दल पछिमी मोरचा में इस्थित परमुख जुद्ध स्मारक आउर ऐतिहासिक जुद्ध स्थल में सरधानजलि अर्पित करलयं आउर देस कर सेवा में सर्वोच्च बलिदान देवेक वाला बीरमन के नमन करलय।

ई अभियान बीर नारी, वीरंगना, पूर्ब सैनिक, एनसीसी कैडेट, छात्रमन आउर सीमावर्ती छेतर कर निवासीमन कर संगे जुड़ेक कर एगो ससक्त माध्यम भी साबित होलक। हरेक पड़ाव में नागरिक अधिकारीमन आउर स्थानीय समुदाय द्वारा देखाल गेल स्नेह आउर सम्मान सुरछा बल आउर उनकर द्वारा संरछित नागरिकमन कर बीच गहरा बंधन के रेखांकित करलक।





# श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव कर ध्वजा निसान सोभाजात्रा

## हाथ में लेइ के निसान चला रे मैं तो अपने बाबा के धाम चला रे

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल कर रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव कर ध्वजा निसान सोभाजात्रा सरोवर मंदिर सेवा सदन पथ से सुरु भेलक। रजत सिंहासन में बैठल बाबा कर रथ जब सरोवर मंदिर से निकललक, तब गोटा राजधानी श्याम कर रंग में रंगाय गेलक। मंडल कर महामंत्री गौरव अग्रवाल बतालयं कि हजारों हाथ में निसान लेइ के भक्त आपन बाबा के अरदास लगाते चलत रहयं। श्याम जगत में अइसन मान्यता आहे कि जे भी भक्त सच्चा दिल से पैदल चइल के श्याम बाबा के निसान ध्वज अर्पित करयंना, तब उनकर हर मनोकामना पूरा होवेला।

सोभा निसान जात्रा में राजस्थानी बेसभूसा में महिलामन बाबा के धूप धूवन करते चलत रहयं। हजारीबाग कर तासा बैंड ढोल नगाड़ा बैंड बाजा निसान सोभा जात्रा कर आकरसन कर केंद्र रहे।

निसान सोभाजात्रा सरोवर मंदिर से सुरु होए के रंगलाल जालान रोड, बड़ालाल स्ट्रीट, जेजे रोड, कोतवाली रोड चौक, पुस्तक पथ, गांधी चौक, मारवाड़ी टोला, नॉर्थ मार्केट रोड, ईस्ट मार्केट रोड, लोहिया चौक से कार्ट सराय रोड बकरी बाजार गाड़ी खाना चौक होते हरमू रोड कर श्री श्याम मंदिर पहुंचलक। रथ में मंडल कर निबर्तमान अध्यछ सुरेश सरावगी उपाध्यछ अशोक लड़ियां आउर कोसाध्यछ मनोज खेतान सउब भक्तमन के पूजन अनुष्ठान संकल्प करालयं। मंडल कर अध्यछ गोपाल मुरारका बाबा श्याम कर अद्भुत सिंगार करलयं। मंडल कर निबर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, महामंत्री गौरव अग्रवाल, मंत्री पंकज गाड़ोदिया, विष्णु चौधरी, उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया, प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल, कार्यकारणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा, राजेश ढांढनीया, रोशन खेमका, प्रकाश सरावगी, अमित शर्मा, संकेत चौधरी, ऋषभ चौरसिया, अंकित सिंह, मानसी जयश्री सोभा जात्रा कर संचालन में मुध भूमिका निभालयं।









# इस्कूल में छउवामन कर बीच पाठ्य सामग्री आउर अन्य उपहार कर बितरन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** देस कर भविस हमरे कर छउवामन में निहित आहे। उनकर लालन-पालन कर संगे-संगे उनकर चरित्र निरमान में मातृ-सक्ति कर महतपूर्न भूमिका होवेला। ईश्वर सृजन कर काम आउर ममता कर स्वाभाविक गुन मायंमन के देइ हे। सेवा में हे मानव जिनगी कर सार्थकता आहे। खली आपन ले जीयेक जिनगी कर उद्देस नी होए सकेल। अदमी कर बिकास से हे देस कर बिकास आउर आगे चइल के बिस्व कल्यान संभव आहे।

ई बिचार अक्षर फाउंडेशन कर स्वयंसेविकामन आउर विहंगम योग संस्थान कर महिला कार्जकर्तामन बेक्त करलयं। ऊमन अक्षर फाउंडेशन कर तत्वावधान में 25 फरवरी के कांके परखंड कर अरसंडे इस्थित मोहन मेमोरियल पब्लिक इस्कूल में लगभग 100 गो छउवामन कर बीच पाठ्य सामग्री आउर अन्य उपहार कर बितरन करत रहयं। ई कार्जकरम में उपहार बितरन आकर संगे-संगे कार्ड मेकिंग, सब्द अंताछरी, क्विज,कविता गायन, प्राणायाम आउर पौधारोपन कर कार्जकरम भी छउवामन कर मनोरंजन ले करल गेलक।

कार्जकरम कर बाद इस्कूल कर प्राचार्या श्रीमती वंदना सिन्हा कहलयं कि अइसन कार्जकरम छउवामन ले सहायक होवेक कर संगे-संगे उनकर मनोबल भी बढ़ायला। समाज कर प्रति आदर कर भावना बिकसित करेला। कार्जकरम कर आयोजन में अंजना खेमका, स्वाति सिंन्हा, महिला सह प्रभारी रीता श्रीवास्तव, प्रकल्प प्रभारी आशा सिंह, सुदीप्ता सिन्हा, अलका कुमारी, जया, सुशीला, पिंकी आउर बिद्यालय कर दन से अनामिका सिन्हा, अन्य सिछिकामन आदि कर बिसेस सहजोग रहे।







### जोहार



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

कबिता जनमाय वाला
कबि पीर के जोहार ,
कबिताइन मनक धीर के जोहार !!
जोहार दिमागी कोंइख के
लोराल सुखल आंईख के,
लिखैं दुनियादारी ताइक -
झांइक के,
उ सउब कबि कबिताइन
मनकर फिकीर के जोहार ।
कबिता जनमाय वाला
कबि पीर के जोहार ,
कबिताइन मनक धीर के जोहार !!
किसान मजदुरक बाथा - पीरा
सता में बइठ चमकत हीरा,
पेयार मोहब्बत कर कइर के
सिंगार
गीतालैं उ मनक सुर के जोहार।
कबिता जनमाय वाला
कबि पीर के जोहार ,
कबिताइन मनक धीर के जोहार !!
गछ - बिरीछ झरना सुन्दर
नदी - नाला ढोढ़हा समुन्दर,
बन - पातरा पहाड़ पोहुंचलैं
उ फकिर मन के जोहार।
कबिता जनमाय वाला
कबि पीर के जोहार ,
कबिताइन मनक धीर के जोहार !!
गांव - गंजार,चउंक - चउराहा
इंदरा पोखरा पानी फुहारा,
आंदोलन हो या हो नारा
बंम बारूद कर चले धारा,
उ ज कलम चलत तिर के जोहार !
कबिता लिखते सिरात जिनगी
रांझा हो या हीर के जोहार !!
कबिता जनमाय वाला
कबि पीर के जोहार ,
कबिताइन मनक धीर के जोहार !!

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com